दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 270 | जयपुर, रविवार, 08 सितंबर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-पंचमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### RPSC: वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव



**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षाओं में जालसाजी व फोटों टेंपरिंग कर आवेदन करने वाले व्यक्तियों पर लगाम के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। अब वन टाइम रजिस्ट्रेशन के दौरान अभ्यर्थी को वेब केम के माध्यम से लाइव फोटो भी कैप्चर करनी होगी, जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में वन टाइम रजिस्ट्रेशन में लाइव फोटो कैप्चर करवा रखी है, वे अभ्यर्थी भी पूर्व की फोटो अस्पष्ट होने की स्थिति में ओटीआर में लाइव फोटो कैप्चर करवा सकते हैं। उनके लिए ये अवसर एक बार ही उपलब्ध होगा।

### विस्तारा विमान में बम की धमकी से मचा हड़कंप



**नई दिल्ली।** मुंबई हवाई अड्डे से फ्रैंकफर्ट के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा की उड़ान को शुक्रवार को सुरक्षा चिंता के कारण तुर्की की ओर मोड़ दिया गया। उड़ान में बम की धमकी मिली थी। सूत्रों के मुताबिक विमान में सवार सभी 247 यात्री सुरक्षित हैं और स्थानीय अधिकारी उनके संपर्क में हैं। सभी यात्रियों को विमान से उतार दिया गया और तुर्की के एरज़ुरम हवाई अड्डे पर उतरने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। सूत्रों के मुताबिक एक कागज के टुकड़े पर संदेश लिखा मिला था कि विमान में बम है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

असुरक्षित महसूस करने वाले युगलों की सुरक्षा के लिए एसओपी निर्धारित

# अब लिव-इन रिलेशन वाले और विवाहित जोड़ों को पुलिस देगी सुरक्षा

■ पीड़ितों की शिकायत का नोडल अधिकारी यदि सात दिन के भीतर नहीं करते निस्तारण तो एसपी को करना पड़ेगा तीन दिवस में समाधान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विवाहित जोड़ों और क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगलों को अब पुलिस सुरक्षा के लिए थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

अब अनहोनी की आशंका पर विवाहित जोड़े और रिलेशनशिप में रहने वाले युवक-युवती पुलिस वेबसाइट पर स्थित लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करके पुलिस से सुरक्षा ले सकेंगे। सुरक्षा के लिए एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी भूपेंद्र साहू ने आदेश जारी कर मानक संचालक प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित की गई है। एसओपी के तहत अब विवाहित जोड़े एवं क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगल स्वयं, किसी प्रतिनिधि या वकील के जरिए प्रार्थना पत्र कर सकते हैं।





### इन नंबरों पर कर सकते हैं शिकायत दर्ज

असुरक्षित महसूस करने पर युगल सुगम रिपोर्टिंग के लिए डायल 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, राज्य स्तरीय वॉट्सएप हेल्पलाइन 8764871150, जिला स्तरीय वॉट्सएप हेल्पलाइन एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर, जिला स्तर पर संचालित नियंत्रण कक्ष की ईमेल आईडी पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जल्द ही एससीआरबी द्वारा पुलिस वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध करवाया जा रहा है। उस लिंक के माध्यम से आवेदक थाने पर व्यक्तिगत उपस्थित हुए बिना अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इन माध्यमों से प्राप्त शिकायत को प्रभारी नोडल अधिकारी, संबंधित सीईओ और थानाधिकारी को भेजकर कार्रवाई के निर्देश देंगे।

### 10 दिन में शिकायत का निस्तारण जरूरी

आदेशों के अनुसार नोडल अधिकारी शिकायत पर तत्काल पीड़ित युगल को राहत प्रदान करेंगे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आवेदक के बयानों की ऑडियो व वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। यदि उन्हें किसी प्रकार का खतरा है तो पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिले में एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी नोडल अधिकारी होगा। जो सात दिन में शिकायत पर कार्रवाई करेंगे। पीड़ित इससे संतुष्ट नहीं होता है तो जिला एसपी को शिकायत कर सकेंगे। इस शिकायत का एसपी को तीन दिन के भीतर निस्तारण करना पड़ेगा।

### शिकायत के निस्तारण की प्रक्रिया बनाई है

“ एसओपी के तहत नोडल अधिकारी, जिला एसपी व डीसीपी, रेंज आईजी व पुलिस आयुक्त, एससीआरबी के दायित्व निर्धारित कर शिकायत के निस्तारण की प्रक्रिया बताई गई है। युगल नोडल अधिकारी या एसपी व पुलिस उपायुक्त से भी संतुष्ट नहीं है तो वह जिला एवं राज्य स्तर पर संचालित पुलिस जवाब देही समिति को अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**भूपेन्द्र साहू,** एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी, पीएचक्यू

अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# राज्य सरकार पांच वर्षों के दौरान प्रदेश में लगाएगी 50 करोड़ पौधे

■ बोले... प्रकृति का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी

■ सरकार ने शुद्ध पर्यावरण के लिए उठाए हैं कई अहम कदम

■ शीघ्र संचालित होंगी 1000 इलेक्ट्रिक बसें

आगामी वर्ष से पेश किया जाएगा राज्य का ग्रीन बजट

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रकृति किसी न किसी रूप में मानवजाति को निरंतर सौगातें देती है। बदले में हमें भी प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग और वृक्षारोपण से प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी की व्यर्थ बर्बादी रोकने, थाली में आवश्यकतानुसार ही भोजन लेने और परिवहन के साधनों को साझा रूप से इस्तेमाल करने जैसे छोटे-छोटे प्रयासों से हम बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

शर्मा शनिवार को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में पांचवें स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 सितंबर को नीले अंबर के लिए स्वच्छ वायु का अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। इसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्रवाई को प्रोत्साहन देना है। शर्मा ने कहा कि हमें अपने वर्तमान एवं भविष्य को सुरक्षित तथा जीवन को स्वस्थ बनाए रखने के लिए ये कदम उठाने अति आवश्यक हैं। हम सब जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए वायु प्रदूषण को कम करने में सरकार के प्रयासों में भागीदार बनें।





### सरकार के प्रयासों से कम हुआ वायु प्रदूषण

शर्मा ने कहा कि राज्य में नेशनल क्लीन एयर प्रोगाम के तहत वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कार्य योजना बनाई गई है। अधिक प्रदूषित 5 शहरों के लिए शहरी कार्य योजना भी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के पूर्वी क्षेत्र विशेषकर एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी आदेशों की पालना में कमीशन फोर एनसीआर और विभिन्न विभागों के समन्वय से इस साल वायु प्रदूषण का स्तर गत वर्षों की तुलना में काफी कम हुआ है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन, मोबाइल वैन के माध्यम से वायु गुणवत्ता का मापन, 600 से अधिक उद्योगों में ऑनलाइन प्रदूषण निगरानी प्रणाली भी स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रदूषण नियंत्रण मंडल की 13 प्रयोगशालाओं में से 5 प्रयोगशालाओं का आधुनिकरण किया गया है। साथ ही, 11 नई प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जा रही हैं। जयपुर में वायु गुणवत्ता पर्यवेक्षण के लिए वेदर एंड पॉल्यूशन फोरकास्टिंग सिस्टम प्रारंभ किया जा चुका है जिसे अन्य शहरों में भी प्रारंभ किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ के बारे में विस्तार से बताया



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ का उद्देश्य पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाकर प्रकृति का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि देश के 131 शहरों में नवाचारों एवं तकनीक के उपयोग के संयुक्त प्रयासों से पर्यावरण प्रदूषण को कम किया गया है। यादव ने कहा कि भारत सरकार आईडियाज फोर लाइफ कार्यक्रम के माध्यम से सात विभिन्न विषयों पर कार्य कर रही है। उन्होंने राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर चलाए गए वृक्षारोपण महाभियान की भी सराहना की। इस दौरान स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के तहत तीन श्रेणियों (बड़े, मध्यम एवं छोटे शहर) में देश के नौ शहरों को अवॉर्ड भी दिया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, वन, पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विशिष्ट सचिव केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय तन्मय कुमार, एसीएस वन, पर्यावरण अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त सचिव केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय नरेशपाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में पर्यावरणविद् एवं आमजन उपस्थित रहे।

कोर्ट ने कहा... यह दुर्लभतम मामला

## नाबालिग से रेप-हत्या मामले में सजा-ए-मौत

**एजेंसी** | गुवाहाटी



नाबालिग बच्ची से बलात्कार और हत्या मामले में सिलीगुड़ी कोर्ट ने एमडी अब्बास को दोषी पाया और उसे मौत की सजा सुनाई है। स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर विकास चटर्जी ने शनिवार को अदालत के फैसले की जानकारी दी।

उन्होंने कहा, ‘इस मामले में हमने मौत की सजा देने की अपील की थी। जिन 3 धाराओं के तहत अपराध साबित हुआ, उनमें अधिकतम सजा देने का प्रावधान शामिल है। इसलिए बीते दिन करीब डेढ़ घंटे तक इस बिंदु पर सुनवाई हुई जहां अदालत को बताया गया कि यह दुर्लभतम मामलों में से एक है। इसी आधार पर इसे लेकर फैसला होना चाहिए।’

### दो धाराओं के तहत सुनाई सजा

विकास चटर्जी ने कहा कि एमडी अब्बास को मौत की सजा 2 धाराओं के तहत सुनाई गई। एक धारा 302 है, जो हत्या से जुड़ी है। दूसरा पॉक्सो एक्ट का सेक्शन 6 है। इसके अलावा, दूसरे मामले में 7 साल की सजा सुनाई गई। परिजनों को मुआवजे के तौर पर 10 लाख रुपए देने को कहा गया है। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिष्टा ने मटिगारा में नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में आरोपी को मृत्युदंड देने पर संतोष जताया। बिष्टा ने कहा कि इसे फैसले से न्यायपालिका में हमारा विश्वास और मजबूत हुआ है। इस केस में सिलीगुड़ी पुलिस और जांच अधिकारी को अदालत में मामले को प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी जानी चाहिए।

हरियाणा-जेके विधानसभा चुनाव

## आरपीएफ ने जब्त की करोड़ों की अवैध सामग्री और नकदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के मद्देनजर रेल के जरिए अवैध सोना, चांदी, शराब आदि प्रतिबंधित सामान व नकदी के परिवहन की रोकथाम के लिए महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल की तरफ से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आरपीएफ ने नई दिल्ली, अम्बाला व बठिंडा स्टेशनों पर सघन तलाशी अभियान चलाकर 5 करोड़ 74 लाख 61 हजार 114 रुपए की अवैध सामग्री व नकदी जब्ती की है। जानकारी के अनुसार जावेद खान प्रभारी निरीक्षक, रेसुब अंबाला कैंट व उनकी टीम के गाड़ी सं 12926 पश्चिम एक्सप्रेस से चैकिंग के दौरान दो ट्राली बैगों से क्रमश 2 किलोग्राम गोल्ड ज्वैलरी व अन्य 1 करोड़ 51 लाख 60 हजार रूपए कीमत की आर्टिफिशियल ज्वेलरी तथा 5 लाख रूपए की नकदी बरामद की। इसके अलावा आरपीएफ बठिंडा ने गाडी संख्या 12455 बीकानेर एक्सप्रेस के जनरल कोच की चैकिंग के दौरान छह व्यक्तियों से 16 लाख की कीमत के 12 लैपटाप व अन्य बिजली का सामान बरामद किया है।

आईएसएस में अटकी सुनीता


# सुनीता विलियम्स के बगैर अंतरिक्ष से वापस लौटा बोइंग का स्पेसक्राफ्ट

- सुबह पौने दस बजे न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर पर की लैंडिंग
- NASA के स्टीव स्टिच ने कहा कि इससे बहुत सी मूल्यवान सीख मिली
- कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए पूरी टीम की सराहा

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा के एस्ट्रोनॉट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में लेकर जाने वाला बोइंग स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट शनिवार को वापस धरती पर लौट आया। तकनीकी दिक्कत आने के बाद स्पेसक्राफ्ट बिना किसी एस्ट्रोनॉट्स के आया है। यह शनिवार सुबह लगभग पौने दस बजे न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर पर उतरा। इसकी लैंडिंग के बाद नासा की प्रतिक्रिया सामने आई है। नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने इस सफलता को सराहा।





### हम स्टारलाइनर को सुरक्षित लाकर काफी खुश

स्टिच ने कहा कि इससे बहुत सी मूल्यवान सीख मिली, जो हमें भविष्य में सफलता प्रदान करेगी। मैं पिछले तीन महीनों में उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए पूरी टीम की सराहना करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हम स्टारलाइनर को सुरक्षित रूप से धरती पर वापस लाकर काफी खुश हैं। नासा के लिए यह एक महत्वपूर्ण परीक्षण उड़ान थी, जो हमें स्टारलाइनर सिस्टम पर भविष्य के मिशनों के लिए तैयार करने में मददगार साबित रही। नासा मुख्यालय में अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर केन बोवर्सॉक्स ने कहा, “इस पूरे उड़ान परीक्षण में हमारी टीम के किए गए काम पर मुझे काफी गर्व है और हम स्टारलाइनर की सुरक्षित वापसी देखकर खुश हैं।”

### ‘वह अपने घर जा रहा है’

स्टारलाइनर के अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के बाद सुनीता विलियम्स ने रेडियो संदेश में कहा था कि वह अपने घर जा रहा है। नासा ने बताया था कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्टारलाइनर से वापस लाना बहुत जोखिम भरा है। इसलिए, पूरी तरह से स्वचालित यह यान खाली सीट, स्टेशन पर मौजूद कुछ पुराने उपकरणों और अंतरिक्ष में पहने जाने वाले नीले रंग के वस्त्र (स्पेससूट) के साथ धरती पर लौट रहा है।

### 5 जून को किया था लॉन्च

बता दें कि स्टारलाइनर मिशन को पांच जून को लॉन्च किया गया था। यह पहली बार एस्ट्रोनॉट्स के साथ अंतरिक्ष में छह जून पहुंचा था। शुरुआत में यह मिशन हफ्तेभर का था, लेकिन इसमें तकनीकी दिक्कत आ गई। स्पेसक्राफ्ट में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में हीलियम लीक हो गई और थ्रस्टर में भी दिक्कत हुई, जिसके बाद सुनीता और विल्मोर की वापसी रुक गई। कई दिनों के एनालिसिस के बाद नासा ने फैसला किया कि दोनों एस्ट्रोनॉट्स अब स्टारलाइनर से वापस नहीं लौटेंगे, जबकि यह स्पेसक्राफ्ट अकेले ही वापस धरती पर आएगा। सुनीता और विल्मोर की वापसी अब अगले साल फरवरी में स्पेसएक्स के स्पेसक्राफ्ट के जरिए से होगी।

## जरूरी खबर

### जयपुर के नए कलेक्टर ने किया शहर का दौरा



**जयपुर।** जयपुर कलेक्टर पद की जिम्मेदारी मिलने के दूसरे दिन ही जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी शहर के दौरे पर निकले। राजधानी में जारी बारिश के दौर के बीच सोनी ने शहर के जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। जितेन्द्र कुमार सोनी ने जवाहर नगर कच्ची बस्ती, टीला नंबर-1,2,5,6 एवं 7, मोती डूंगरी रोड, परकोटा सहित अन्य प्रभावित इलाकों में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सोनी ने प्रभावितों से संवाद भी किया। सोनी ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव के कार्य शुरू करवाने के लिए भी निर्देश भी दिए।

### जनता की समस्या का प्राथमिकता से हो रहा निस्तारण

**जयपुर।** गृह, गोपालन, पशुपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करना है। जिला प्रभारी मंत्री ने शनिवार को रारा शाहपुर में गणेश चतुर्थी मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने पदभार ग्रहण करते ही किसान, गरीब, बेरोजगार एवं आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा में घोषित योजना को धरातल पर पूरा किया जा रहा है। इस संबंध में अधिकारियों को समय-समय पर निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने अफसरों को लगाई लताड़



**जैसलमेर।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शनिवार को जैसलमेर के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस बैठक में जिला प्रशासन की कार्यशैली से केंद्रीय मंत्री खासे नाराज दिखे। दरअसल केंद्रीय मंत्री ने सांकड़ा पंचायत समिति की बैठक में अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान पीने के पानी का खेती में उपयोग पर उन्होंने नाराजगी जताई। केंद्रीय मंत्री ने कहा- पीने के पानी से कहीं कोई खेती कर रहा है तो पीएचईडी, कलेक्टर और एसपी, तीनों जिम्मेदार होंगे। शेखावत ने कहा, "पीएचईडी के इंजीनियरों को लोग पीटते और धक्के मारते हैं। पुलिस का शून्य सहयोग नहीं मिलता है।" उन्होंने कलेक्टर को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

---

**भाजपा का सदस्यता अभियान का पहला फेज 30 सितंबर तक**

# महासम्पर्क अभियान से नए सदस्यों तक पहुंच बनाएगी बीजेपी

■ **भाजपा ने प्रदेश में अब तक 9 लाख से ज्यादा मेंबर बनाए**

बेधड़क | जयपुर

भाजपा का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान देशभर में जोर-शोर से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के तमाम बड़े नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता तक सदस्यता अभियान को कामयाब बनाने में जुटे हैं।

प्रदेश भाजपा में भी सदस्यता अभियान को लेकर जोश नजर आ रहा है। तीन सितंबर से शुरू हुए अभियान के तहत भाजपा ने अब तक प्रदेशभर में 9 लाख से ज्यादा नए सदस्य बनाए हैं। अभियान का अभी बूथ लेवल पर सदस्य बनाने का कार्यक्रम चल रहा है।

पहला फेज 30 सितंबर तक चलेगा। अभियान को गति देने के लिए बीजेपी अब 11 से 17 सितंबर तक महासंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे फेज में मुख्यमंत्री से लेकर पंचायत समिति सदस्य और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से लेकर शक्ति केंद्र प्रमुख तक बूथ स्तर पर जाकर आम जनता को पार्टी की रीति और नीति से जोड़ने का काम करेंगे।



### रोज जुड़ रहे डेढ़ लाख से ज्यादा लोग

अभियान के प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि 2 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सदस्यता और प्रदेश स्तर पर 3 सितंबर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सदस्यता के साथ इस अभियान की शुरुआत, जिसमें अब तक 9 लाख से अधिक सदस्य बन चुके हैं, यानी हर दिन डेढ़ लाख से ज्यादा लोग भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीति के साथ जुड़ रहे हैं। पहले फेज के तहत इस अभियान को और गति देने के लिए 11 से 17 सितंबर तक महासंपर्क अभियान चलेगा। इस दौरान जो बूथ से वंचित रह गए हैं, उन्हें अप्रोच किया जाएगा। इस महासंपर्क में सब की सामूहिक जिम्मेदारी रहेगी। अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि पहले फेज 17 सितंबर के बाद 21 को राष्ट्रीय और 23 और 24 सितंबर को प्रदेश स्तर की समीक्षा होगी, जिसमें सदस्यता अभियान के लक्ष्य और खामियों पर चर्चा होगी।

### सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी अभियान

मुस्लिम बाहुल्य बूथ पर सदस्यों की कम संख्या को लेकर अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि पार्टी ने इस बार इस अभियान को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाया है। सर्वव्यापी का मतलब है हर क्षेत्र में जिसमें गली मोहल्ले, बस्ती ढाणी तक पहुंचे। सर्वस्पर्शी मतलब सामाजिक जीवन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति तक जिसमें महिला पुरुष युवा सब को जाती धर्म से ऊपर उठाकर पार्टी की रीति और नीति से जोड़ने का काम किया जाएगा।

---

**गणेशोत्सव-2024 समारोह में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़**

# माता-पिता को मान-सम्मान देकर गणेश बने प्रथम पूज्य

■ **राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने समारोह का किया उद्घाटन**

बेधड़क | जयपुर

गणेश चतुर्थी पर सिविल लाइंस के अजमेर रोड पर गणेशोत्सव-2024 समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम पूज्य गणपति की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर गणेशोत्सव का श्रीगणेश किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने की और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज देवताओं में गणेश प्रथम पूज्य इसलिए है क्योंकि उन्होंने अपने माता-पिता को सम्मान दिया। माता-पिता को अपना संसार मानते हुए उनकी परिक्रमा करने वाले बाल गणेश ने ये सिद्ध कर दिया था कि व्यक्ति के जीवन में जो स्थान माता-पिता का है वो किसी अन्य का नहीं हो सकता। माता-पिता की सेवा, सम्मान और आदर भाव से व्यक्ति अपना बचपन, जवानी एवं बुढ़ापा सुधार सकता है।



### टॉप 9 विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

गणेशोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता ड्रॉइंग ओलम्पियाड के विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और सम्मान निधि देकर पुरस्कृत किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने टॉप 9 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में एकलव्य स्कूल के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना और राजस्थानी लोक गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। वेदव्यास और रोहित ग्रुप ने भी गणेश वंदना तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान गणेशजी की विभिन्न लीलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की ओर से भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

### जो देख रही वो सीख रही आज की पीढ़ी

आज की नई पीढ़ी वो सीख रही है जो वो देख रही है। अगर आप ने अपने माता-पिता की सेवा की तो आपके बुढापे में आपकी सेवा होगी, नहीं तो जैसा आप करेंगे वैसा और उससे दोगुना आपके लिए तैयार है। राठौड़ ने वृद्धाश्रम की संख्या बढ़ने पर तंज कसते हुए कहा कि अगर आप अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड रहे हो तो भविष्य में आपके बच्चे भी आपके साथ ऐसा ही करेंगे। इसलिए अपने माता-पिता की सेवा करने के साथ उन्हें मान-सम्मान जरूर दें। गणेशोत्सव में विशिष्ट अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने स्वागत भाषण के बाद राज्यपाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों का साफा, दुपट्टा, माला स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। अति विशिष्ट अतिथि जेईसीआरसी के उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल थे।

---

**सलूंबर विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक**

## मेवाती ने अल्पसंख्यक समाज के वोट साधने के लिए बनाई रणनीति

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। राजस्थान विधानसभा के पांच विधायक पिछले दिनों लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बन गए थे। उसके कारण पांच सीटें खाली हो गईं थी। उसके बाद सलूंबर विधायक अमृतलाल मीणा के निधन से एक और सीट खाली हो गई है। इन सीटों पर चुनाव जीतने के लिए भाजपा पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रही है। उपचुनाव को लेकर शनिवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती सलूंबर प्रवास पर रहे। इस दौरान मेवाती ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और अल्पसंख्यक समाज के वोट साधने के लिए रणनीति भी बनाई। बैठक में आगामी विधानसभा उपचुनाव की रुपरेखा एवं तैयारी पर चर्चा की गई। हमीद खान मेवाती ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता को केन्द्र एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं को समाज के लोगो तक पहुंचाना है और सदस्यता अभियान के तहत उन्हें अधिक से अधिक भाजपा का सदस्य बनाना है। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, जंग बहादुर पठान, उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष अख्तर सिद्दीकी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## पायलट के जन्मदिन पर सोलंकी ने की गो सेवा



**जयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के 47 वें जन्मदिन पर शनिवार को चाकसू के पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने सांगानेर की पिंजरापोल गोशाला में गो सेवा की। सोलंकी ने गोशाला में गायों के लिए चारे की व्यवस्था की और उन्हें चारा व गुड़ खिलाकर पायलट के सुदीर्घ जीवन की कामना की। सोलंकी के साथ उनके समर्थक भी मौजूद रहे। इस दौरान चारे से भरी कई पिकअप सोलंकी ने गोशाला में दान की।

---

## खबरों में बेधड़क खबर



### लॉयन की सफलता रास नहीं आई ब्रेवो को

मारवाड़ में तैनात एक लॉयन साहब की टीम की कार्रवाईयां खाकी के एक ब्रेवो को पच नहीं रही हैं। दरअसल, ब्रेवो फरार आरोपियों को पकड़ने में फेल हो गए तो लॉयन के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया। चर्चा है कि लॉयन की कार्रवाईयों से आहत होकर ब्रेवो ने उनकी सी-स्कीम स्थित एक बड़े भवन में बैठने वाले साथी के साथ मिलकर कारसेवा शुरू कर दी है। जबकि कार्रवाईयों के बाद लॉयन और उनकी टीम की विक्टर साहब ने तक सराहना की थी। ऐसे में चर्चा है कि ब्रेवो ने लॉयन पर सवाल उठा दिए, लेकिन खुद के द्वारा की गई मामलों की जांच की जाए तो षड्यंत्र की पूरी पोल खुल जाएगी, क्योंकि पहली वाली पोस्टिंग में सरेंडर करने वालों को भी ब्रेवो ने धरपकड़ करने की कहानी बनाकर वाहवाही लूटी थी। इस पूरी कहानी से लालकोठी वाले भवन में बैठने वाले अफसर भी भलीभांति परिचित थे। खाकी में ब्रेवो की कार्यशैली पर अब सवाल उठने लगे हैं।

### ब्रेवो साहब के मंत्री बनने के ख्वाब

पीटर से ब्रेवो बने साहब अभी से वर्ष 2028 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाग्य आजमाने के सपने देखने लगे हैं। खाकी में साहब के नाम की किसी ने किसी मामले में अकसर चर्चा रहती है। अब चर्चा है कि साहब अभी से मंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं। इसके लिए साहब ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। साहब की तमन्ना बीकानेर से चुनाव लड़ने की है और अभी से अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा करना शुरू कर दिया है। ड्यूटी से ज्यादा साहब की नजर अब विधानसभा सीट पर है। दरअसल, साहब का खाकी से मोह हटने लगा है। ऐसे में जल्द ही एक बड़ी पार्टी ज्वॉइन करके ब्रेवो साहब सबको चौंकाने वाले हैं। खाकी में ब्रेवो की राजनीतिक पार्टी ज्वॉइन करने के मामले की चर्चा जोरों पर है।

### चाचा पीटर लगने के लिए बेताब

नॉनफिल्ड में बैठे षड्यंत्रकारी चाचा शहर में पीटर बनने के लिए उत्साहित हो रहे हैं। चाचा इन दिनों पहले वाली पोस्टिंग में रहे अपने आंकाओं से पोस्टिंग के लिए हाजरी लगा रहे हैं। जमीन मामलों में मिलीभगत की अकसर शिकायते सामने आने पर चाचा को नॉनफिल्ड होना पड़ता है, लेकिन पहले वाली पोस्टिंग में दोनों हाथों से चाचा ने अपने आंकाओं के ईशारों पर जमकर धनवर्षा की थी। चर्चा है कि चाचा सेवा शुल्क लेने में माहिर हैं। ऐसे में कई महिनों से सेवा शुल्क नहीं मिलने से चाचा काफी परेशान नजर आ रहे हैं। चाचा की कार्यशैली से लालकोठी वाले भवन में बैठने वाले अफसर भी वाकिफ हैं, लेकिन चर्चा है कि क्या चाचा शहर में पीटर लग पाएंगे या नहीं। अगर चाचा पीटर लगे तो अफसरों की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लग जाएंगे।

### राजधानी में पैंथर कौन होगा ?

खाकी में इन दिनों तबादलों को लेकर अफसरों के केबिनों में चर्चा जोरों पर है। कुछ अफसर प्राइम पोस्टिंग के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा पोस्टिंग को लेकर जयपुर शहर की चर्चा है। सीपी के साथ में आने वाली सूची में दो पैंथर का भी बदला जाना तय माना जा रहा है। इस पोस्टिंग के लिए लालकोठी वाले भवन में बैठने वाले अफसर एक ही चर्चा करते हैं कि पैंथर कौन लगेगा? हालांकि इस सूची में पांच पैंथर पोस्टिंग के लिए लॉबिंग कर रहे हैं। जबकि एक पैंथर बिना लॉबिंग के ही अपनी छवि के आधार पर पोस्टिंग लेने में कामयाब हो सकते हैं। खाकी में पोस्टिंग के लिए चल रही पैंथरों की यह कशमकश चर्चा का विषय बनी हुई है।

- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

---

**प्रदेशभर में कांग्रेस समर्थकों ने किया दान-पुण्य**

# कांग्रेसियों ने गोसेवा कर मनाया सचिन पायलट का 47वां जन्मदिन

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के 47वें जन्मदिन को उनके समर्थकों ने गो-सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर राजस्थान युवा कांग्रेस की ओर से पूरे प्रदेश में गोशालाओं में जाकर गायों को चारा, गुड़ खिलाया गया।

हर जिले में युवा कांग्रेस की ओर से सचिन पायलट के जन्मदिन पर गोशाला में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही कई जिलों में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने रक्तदान शिविर, भोजन सामग्री, समेत सामाजिक कार्य भी किए गए। इस दौरान राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेशअध्यक्ष एवं संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया ने हनुमानगढ़ टाउन की श्रीकृष्ण गोशाला में गायों को चारा और गुड़ खिलाकर पायलट का जन्मदिन मनाया। अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि सचिन पायलट प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के नेता हैं और आज उनका जन्मदिन पूरे प्रदेश में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

■ **गहलोत सहित कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई**




### श्री कृष्ण गोशाला में 1100 गायों को खिलाया 56 भोग

झालावाड़ की श्री कृष्ण गोशाला में भी अनूठा आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य संगठनों के लोगों ने मिलकर 1100 गायों को अपने हाथ से 56 भोग खिलाया है। गोवंशों को परोसे गए 56 भोग में ड्राई फ्रूट, फल, सब्जियां सहित कुल 56 तरह की खाद्य सामग्री मंगाई गई और उसके स्टाल भी लगाए गए। इसके बाद लोगों ने अपने हाथों से छप्पन भोग थालियां में सजा कर श्री कृष्ण गोशाला में रहने वाले 1100 गोवंशों को खिलाया और पायलट की लंबी आयु की कामना की। इस मौके पर मौजूद महिलाओं ने पायलट की लंबी आयु के लिए गीत गाकर जमकर नृत्य भी किया।

### चाकसू में धूमधाम से मनाया जन्मदिन



**चाकसू।** चाकसू में सचिन पायलट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पीसीसी के सदस्य व समाजसेवी शिवप्रताप हरषाना ने गोसेवार्थ 5 लाख 31 हजार रुपए श्री सेवानंद महाराज गोशाला हरभावतां को भेंट किए। समर्थकों ने इस मौके पर पायलट के जन्मदिन पर दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की, साथ ही गोशाला में गो-माताओं की सेवाकर आशीष प्राप्त किया। इस दौरान हरसाणा के साथ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में गोशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। वही दूसरी ओर चाकसू नगरपालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा के नेतृत्व में एआईसीसी महासचिव, टोंक विधायक एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर हाइवे 52 स्थित कामधेनू गोशाला चाकसू में गुड़ व ज्वार का चारा पांच गाड़ी तथा एक ट्रैक्टर हरा चारा वितरण कर गोशाला समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का सम्मान किया। वहीं शीतलामाता स्थित श्रीराम वृदाश्रम में फल वितरित किए गए। इस पर सैकड़ों कांग्रेसजन कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### गहलोत ने दी शुभकामना

सचिन पायलट के जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा, 'कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट को जन्मदिन पर शुभकामनाएं। ईश्वर आपको सुखी, स्वस्थ व चिरायु जीवन प्रदान करें।' वहीं, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने भी सचिन पायलट को शुभकामना दी है।

## जरूरी खबर

### कार का शीशा तोड़कर 5 लाख रुपए चुराए



**जयपुर।** रोड नंबर-14 सीकर रोड पर बदमाश एक कार का शीशा तोड़कर 5 लाख रुपए रखा हुआ बैग चुरा ले गया। दुकान बंद कर ऑनर ने घर जाने के लिए कैश से भरा बैग कार में रखा था। ओनर को जाते देखकर आए बदमाश ने कार का शीशा तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। विश्वकर्मा थाने में पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। एएसआई बंजरग लाल ने बताया कि आर्य नगर मुरलीपुरा निवासी सौरभ गोयल (38) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रोड नंबर-14 सीकर रोड पर उनकी शॉप है। रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर उन्होंने बैग अपनी कार में रखकर लॉक कर दिया। दुकान बंद कर पास ही गली में किसी काम से चले गए। पीछे से बदमाश ने कार शीशा तोड़कर बैग ले गया।

### सामुदायिक भवन खाली करने को नहीं दे सकते 2 साल

**जयपुर।** हाई कोर्ट की खंडपीठ ने जेडीए को मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी के सामुदायिक भवन में संवैधानिक रूप से पृथ्वीराज नगर जोन 18-19 के कार्यालय खोले जाने के मामले में जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कड़ी फटकार लगाई और सामुदायिक भवन को खाली करने की समय सीमा तय करने करने के संबंध में अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है। साथ ही स्वायत शासन विभाग से भी कहा कि जब जेडीए के कार्यालय के लिए जमीन आवंटित नहीं हो रही है तो फिर जेडीए पूरे शहर का कैसे ध्यान रखेगा! हाई कोर्ट ने स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि सरकार दोनों कार्यालय के लिए जमीन चिन्हित करे और तत्काल कार्यालय का निर्माण कराया जाए। हाई कोर्ट ने स्वायत शासन विभाग और जेडीए को इस मामले में 2 सप्ताह में अपनी आगामी कार्य योजना और शहर में चल रहे ऐसे कार्यालय के नक्शे अन्य दस्तावेज पेश करने को कहा है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


## मोती डूंगरी मंदिर में गणेश चतुर्थी पर लगा मेला, दूर-दूर से पहुंचे पैदल यात्री

# रातभर लाइन में लग गजानन के दर्शन किए, लगाई धोक

**बेधड़क** | जयपुर

गणेश चतुर्थी पर शनिवार को मोती डूंगरी गणेश जी सहित शहरभर के गणेश मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। मोती डूंगरी गणेश जी के मंदिर में मेला भरा। मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दूर से पदयात्री देर रात से ही आने शुरू हो गए।

मंदिरों में सुबह ही भगवान के अभिषेक के बाद पट खोल दिए गए। दर्शन के लिए रात से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी पर सुबह मंगला आरती से ही भक्तों के लिए दर्शन शुरू किए गए जो देर रात तक चलते रहे। महंत पंडित कैलाश शर्मा ने बताया कि भगवान को सोने का मुकुट, नौलखा हार पहनाया है। चांदी के सिंहासन पर विराजमान किया है। दर्शन के लिए 6 लाइन बनाई गई।

रामनिवास बाग में वाहन पार्क करने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के आसपास तक लाने के लिए बस-ई रिक्शों की व्यवस्था की गई। बस से दर्शनार्थी को त्रिमूर्ति सर्किल तक आ पर रहे थे। वहां से आगे पैदल गए। दूसरे पार्किंग स्थलों पर ई-रिक्शा की सुविधा रही। मंदिर की ओर से 30 ई-रिक्शा लगाए थे।





**आज निकलेगी शोभायात्रा**

रविवार को भगवान श्रीगणेश शहर भ्रमण पर निकलेंगे। मोती डूंगरी गणेश मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह मोती डूंगरी मंदिर से एमडी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार, नाहरगढ़ रोड होते हुए गढ़ गणेश मंदिर पहुंचेगी।

### आज बदलेगी यातायात व्यवस्था

राजधानी में रविवार को श्री गणेश जी की शोभायात्रा शाम तीन बजे गणेशजी मंदिर से रवाना होकर मोती डूंगरी रोड, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, ब्रह्मपुरी होते हुए गढ गणेश मंदिर पहुंचकर विसर्जित होगी। शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस के अनुसार शोभायात्रा के मार्ग पर चलने वाले यातायात को 15 मिनट पूर्व डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से निकाला जाएगा। शोभायात्रा के मार्ग पर एमडी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार एवं समस्त शोभा यात्रा के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी।

## दिया कुमारी ने हेरिटेज एक्शन प्लान बनाने के दिए निर्देश

# झूलते तार शहर की सुंदरता पर दाग, इन्हें जमीं में दबा दें

- उपमुख्यमंत्री ने सचिवालय में ली अधिकारियों की बैठक

**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को सचिवालय में नगरीय विकास विभाग, पर्यटन विभाग, वन विभाग तथा जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर चारदीवारी हेरिटेज एक्शन प्लान बनाने, जलभराव निवारण, सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक मैनेजमेंट जैसे विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पुराने शहर क्षेत्र में बिजली की लाइन को अंडरग्राउंड करने, बे-तरतीब ट्रैफिक व्यवस्था में जल्द सुधार करने के साथ ही इलेक्ट्रिक बसें चलाने तथा ई-रिक्शा को भी योजनागत व्यवस्थित रूप से संचालित किरने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक पवन कुमार उपाध्याय, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन, जेडीसी आनंदी, जयपुर जिला कलेक्टर जीतेन्द्र कुमार सोनी, नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा और, पुलिस अतिरिक्त उपायुक्त यातायात सागर, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन राकेश शर्मा, उपनिदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे।



### चारदीवारी के विकास पर खर्च होंगे 100 करोड़

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि जयपुर में बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। यहां आने वाले पर्यटकों को लिए बेहतर सुविधाएं विकसित हो इसके लिए कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में चार दिवारी शहर के हेरिटेज संरक्षण और विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि शहर में कई स्थानों पर कचरा पांइट बने हुए हैं जहां पर गंदगी देखने में आती हैं, इन कचरा प्लांट का समाधान किया जाना चाहिए। शहर की क्षतिग्रस्त लाइटों की मरम्मत की जाए इसके साथ ही हेरिटेज शैली से भवनों और बाजारों में की गई रोशनी (इल्युमिनेशन) मरम्मत और उनका सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित हो। डस्टबीन लगाने का कार्य किया जाए और शहर को बदरंग करने वाले पोस्टर बैनर हटाए जाए। उपमुख्यमंत्री ने चारदीवारी में बे-तरतीब यातायात को एक बड़ी चिंता का विषय बताते हुए इसके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कुछ पार्किंग पाइंट निर्धारित कर वहां नियमित पार्किंग सुनिश्चित हो। रामबाग में बनी पार्किंग में व्यापारी और आने वाले कस्टमर दोनों ही वाहन पार्क कर परकोटे के यातायात को सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग प्रदान करें। इसके लिए आवश्यक उपाय किए जाएं।

### हेरिटेज का मूल गुलाबी रंग में बदलाव न किया जाए

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि परकोटे के हेरिटेज का मूल गुलाबी रंग कायम रहे। अस्त-व्यस्त तरह से लटके हुए केबल वायर्स शहर की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं इन्हें हटाया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे चारदीवारी क्षेत्र में बिजली की लाइनों को भूमिगत किया जाए या एकीकृत भूमिगत लाइन विकसित की जाए, जिससे इस समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित हो सके। दिया कुमारी ने कहा कि विरासत संग्रहालय (राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट) को इस तरह विकसित किया जाए। जिससे कि यहां पर कलाकार और शिल्पी अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सके और वे अपने उत्पादों का विक्रय भी कर सके। बैठक में जल महल की पाल के सौंदर्यीकरण, मानसागर झील में वाटर लेजर शो तथा वहां बोटिंग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही आमेर मावठा पार्किंग समस्या के निराकरण पर भी चर्चा की गई।

## ठाकुर जी ने पहनी केसरिया पोशाक

# शहनाई वादन के साथ गोविंद देवजी के राधाष्टमी महोत्सव शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

गोविंददेव जी मंदिर में शनिवार को शहनाई वादन के साथ राधाष्टमी उत्सव का श्रीगणेश हुआ। इससे पूर्व ठाकुर श्री राधा गोविंददेवजी का मंगला झांकी बाद पंचामृत अभिषेक कर नवीन केसरिया रंग की पोशाक धारण करवाई गई। विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। शाम को श्री गौरांग महाप्रभु मंडल के सदस्यों ने कीर्तन किया। भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि11 सितंबर को मनाए जाने वाली राधाष्टमी उत्सव के लिए प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ से सवा दस बजे तक तथा शाम को सात से रात्रि साढ़े आठ बजे तक उत्सव दर्शन होंगे। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में राधाष्टमी महोत्सव का श्रीगणेश शनिवार को श्री गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल के हरिनाम संकीर्तन के साथ हुआ। आठ सितंबर को सुबह श्री हरिनाम संकीर्तन परिवार और शाम को श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से ठाकुरजी के दरबार में भजनों की हाजिरी दी जाएगी। नौ सितंबर को सुबह चाकर मंदिर श्री गोविंद देवजी के भक्त गण राधा जी और श्रीजी को रिझाएंगे, वहीं, शाम को माताजी वृंदावन की भजन संध्या होगी। दस सितंबर को अखंड हरिनाम संकीर्तन बंगाली महिला मंडल की सदस्याएं सुबह और शाम हरिनाम संकीर्तन के साथ भजनों से ठाकुरजी का गुणगान करेंगी। राधाष्टमी के दिन भी सुबह की वेला में अखंड हरिनाम संकीर्तन बंगाली महिला मंडल की ओर से ही भजन-कीर्तन होगा। शाम को श्री गौर गोविंद महिला मंडल की महिलाएं किशोरी जी के जन्म की बधाइयां गाएंगी।

### हिंगोनिया गोशाला में लगेंगे पंखे



*जयपुर। जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने हिंगोनिया गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर बिगड़ी व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जाहिर की। जिला कलेक्टर ने गोशाला प्रशासन को व्यवस्था सुधारने और गोवंश के लिए पंखा लगाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने गोशाला में गोवंश के लिए चारे, पानी, रखरखाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।*

## सीसीटीवी फुटेज में रात को करीब दो बजे घुसता आया नजर

# 16 घंटे से लेपर्ड अस्पताल में, कहां पर-पता नहीं?

**बेधड़क** | जयपुर

एक प्राइवेट हॉस्पिटल में शनिवार को लेपर्ड घुस गया। लेपर्ड के मूवमेंट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें वह बेसमेंट में घूमता नजर आ रहा है। 16 घंटे भी यह पता नहीं चल पाया कि वह है किस जगह पर। मामला चौमूं का है। जयपुर से वन विभाग की टीम रेस्क्यू करने पहुंची। लेपर्ड का मूवमेंट कैप्चर्ड करने के लिए पटाखे फोड़े गए। जानकारी के अनुसार, जयपुर रोड स्थित राजस्थान नर्सिंग हॉस्पिटल में शनिवार सुबह करीब 5 बजे मरीजों के परिजनों और अस्पताल के स्टाफ ने बेसमेंट में लेपर्ड को देखा था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज देखे गए, जिससे पता चला कि लेपर्ड रात करीब 2 बजे आया था। मौके पर चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा पुलिस के जाब्ते के साथ पहुंचे। सुबह करीब 9 बजे जयपुर से पहुंची वन विभाग की टीम लेपर्ड को रेस्क्यू करने की कोशिश में जुट गई। हॉस्पिटल के पीछे एक खाली प्लॉट है, जिसमें कंटीली झाड़ियां उगी हुई हैं। वहां पर लेपर्ड के छुपे होने की आशंका में सर्च किया गया, लेकिन लेपर्ड नहीं मिला। करीब 16 घंटे बाद भी पता नहीं चल पाया है। हॉस्पिटल में मरीज और परिजन दहशत में हैं। हाडौता रेंजर अजय कुमार बड़गुर्जर ने बताया- वन विभाग के 6 से ज्यादा कर्मचारी मौके पर हैं। लेपर्ड को पकड़ने के लिए अस्पताल के पास स्थित खाली प्लॉट में पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग की ओर से 4 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। इसके साथ ही जेसीबी मशीन की सहायता से खाली भूखंड की कंटीली झाड़ियों को हटाया जा रहा है।



## JVVNL MD डोगरा कार्यभार संभालते ही उतरीं फील्ड में

# अनुपजाऊ जमीन ली जाएगी काम में, लगाए जाएंगे सोलर प्लांट

**बेधड़क** | जयपुर

डिस्कॉम्स चेयरमैन और जयपुर विद्युत वितरण निगम की एमडी की कमान संभालने के दूसरे दिन ही आईएएस अधिकारी आरती डोगरा फिल्ड में पहुंच गई। चेयरमैन डिस्कॉम्स ने शनिवार को झोटवाड़ा पंचायत समिति के श्योसिंहपुरा गांव में पीएम कुसुम कंपोनेंट सी योजना के तहत स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र और इससे जुड़े 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन का दौरा किया। डोगरा ने इस दौरान कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इसके माध्यम से कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली दी जा सकेगी। उत्पादित बिजली का स्थानीय स्तर पर उपयोग होने से बिजली की छीजत में भी कमी आएगी। उन्होंने यहां सोलर पावर जनरेटर ओरियंटल सेल्स कॉर्पोरेशन की ओर से करीब 8 बीघा भूमि पर स्थापित 2.30 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र को देखा। इस जनरेटर की ऑनर नीलू गुप्ता और उनके परिजनों ने बताया कि कुसुम योजना का लाभ उठाकर वे आज बिजली उत्पादक बन गए हैं और ग्रिड के माध्यम से बिजली निगम को बिजली बेचकर लाभ भी कमा रहे हैं।। इस संयंत्र के माध्यम से इसी साल मई माह में उन्होंने औसतन 5750 यूनिट प्रति दिन तथा पीक टाइम में 30 अप्रैल को 7137 यूनिट बिजली उत्पन्न की। आने वाले समय में टोंक तथा सीकर में भी अनुपजाऊ जमीन पर और सोलर प्लांट लगाने की उनकी योजना है। इस दौरान अति. मुख्य अभियंता (पीपीएम) आर के शर्मा, अधीक्षण अभियंता जेपीडीसी साउथ एनपी सिंह, अधीक्षण अभियंता (आरई) दीप्ति माथुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



### जेडीसी ने कहा-सफाई का विशेष ध्यान रखें

**जयपुर।** जेडीसी आनंदी ने जेडीए परिसर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जेडीसी ने शुक्रवार को ही कार्यभार ग्रहण किया था। जेडीसी ने जेडीए मुख्य भवन से दौरा प्रारंभ कर जेडीए विस्तार भवन तक का बारीकी से निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जेडीए भवन में आंतरिक परिसर के नवीनीकरण कार्य के तहत कुछ स्थानों पर रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित रूप से रखने के निर्देश दिए। जेडीसी ने अधिकारियों को साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखने की हिदायत दी। इसके साथ ही नागरिक सेवा केंद्र का दौरा भी किया एवं आने वाले आमजन की सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए निर्देश दिए। दौरे में निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम, अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन, उपायुक्त प्रशासन, अधीक्षण अभियंता हेडक्वार्टर अधिशासी अभियंता हेडक्वार्टर एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



## जरूरी खबर

### श्रद्धा व आनंद का पर्व है गणेश महोत्सव: दत्ता



**बूंदी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता गणेश महोत्सव पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में सम्मलित हुए। इस दौरान उन्होंने यहां मंशापूर्ण गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना कर सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि का कामना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भगवान श्रीगणेश की स्थापना की समृद्ध परंपरा है। आज से आने वाले कुछ दिनों तक हम सभी प्रथम पूज्य गणेश जी की भक्ति आराधना करेंगे। बून्दी में गणेश महोत्सव पर शोभायात्रा की पुरानी परम्परा रही है, इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। यह आयोजन हमारी विरासत का अटूट हिस्सा भी है। हम गणेश महोत्सव को भव्य बनाने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे।

### आंदोलन के बाद स्थायी प्रिंसिपल लगाने के आदेश

**श्रीगंगानगर।** जिले के सूरतगढ़ के मालेर गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थायी प्रिंसिपल की नियुक्ति को लेकर चल रहा विवाद तीसरे दिन शनिवार को शांत हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में स्थायी प्रिंसिपल लगाने के आदेश दिए। इसके बाद आंदोलन खत्म हुआ। इससे पहले ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर स्कूल पर ताला लगाया और धरना जारी रखा। अभिभावक और बच्चे पैदल ही बीकानेर स्थित शिक्षा निदेशालय की ओर कूच करने लगे। इस घटना से प्रशासन में हलचल मच गई और अधिकारी हरकत में आए।

### साइबर गैंग के तीन सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जोधपुर।** जिले की महामंदिर पुलिस ने शनिवार को साबइर ठगों की एक गैंग का खुलासा करते हुए तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। गैंग का सरगना भी पुलिस के हाथ लगा है। इनके खिलाफ चार स्टेट में साइबर ठगी के प्रकरण सामने आए है। अभियुक्तों के पास से दिल्ली पासिंग नंबर की कार, 28 एटीएम कार्ड, 16 चेकबुक और 6 पासबुक डायरियां भी बरामद हुई है। पकड़े गए अभियुक्तों को दोपहर बाद कोर्ट में पेश कर अभिरक्षा में लिया गया है। महामंदिर पुलिस गहनता से इसकी जांच कर रही है।

## तरंग शक्ति 2024: जोधपुर में भारत समेत सात देशों की वायु सेना कर रही अभ्यास

# सूर्य किरण ने दिखाया कौशल, विदेशी विमानों ने किया रोमांचित

बेधड़क | जोधपुर

भारतीय वायु सेना की तरंग शक्ति 2024 की एक्सरसाइज का शनिवार को ओपन डे था। इसमें भारतीय वायु सेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाया। जोधपुर के आसमान में सूर्य किरण टीम ने अपने कौशल का परिचय दिया।

सूर्य किरण टीम के साथ-साथ सुखोई-30 एमकेआई, स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड ने भी एयर शो के दौरान प्रदर्शन किया। वायु सेना, सेना और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, नागरिक इस एयर शो के साक्षी बने। इसमें सुखोई और तेजस की लो लेवल फ्लाइंग ने लोगों को काफी रोमांचित किया। उल्लेखनीय है कि जोधपुर में कई दिनों से सात देशों की वायु सेना अभ्यास कर रही है। इसमें भारत के साथ अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर और यूएई की वायु सेना टीम शामिल है।



### वायु सेना की महिला अग्निवीरों की राइफल ड्रिलिंग

सूर्यकिरण एरोबेटिक शो से पहले वायु सेना की महिला अग्निवीर जवानों ने राइफल ड्रिलिंग का प्रदर्शन किया। सूर्य किरण टीम का 25 मिनट के शो को दो भागों में परफॉर्म किया गया। पहले भाग में 9 विमानों के साथ अलग-अलग फॉर्मेशन बनाए गए और वॉरफेयर दिखाया गया। टीम ने डायमंड, मेजर, तेजस के जरिए फ्लाइट्स की सटीकता दिखाई। दूसरे भाग में एरोबेटिक टीम खुद को छोटी यूनिट्स में बांटकर और ज्यादा रोमांचक स्टंट करने के लिए जमीन के करीब आई। इन स्टंट्स से ये बताने की कोशिश की गई कि एक आधुनिक लड़ाकू विमान क्या कर सकते हैं। इस दौरान तरंग शक्ति एक्सरसाइज में भाग ले रहे सभी विदेशी वायु सेना के अधिकारी और जवान भी मौजूद रहे।



### सूर्य किरण टीम करेगी शो

तरंग शक्ति में इन देशों की वायु सेना अपने उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण फाइटर और अन्य विमानों के साथ शिरकत कर रहे हैं। ओपन डे पर विभिन्न मिशन और एयर ऑपरेशन का अभ्यास किया गया। इस एक्सरसाइज की शुरुआत 29 अगस्त से हुई है। बता दें कि भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम का गठन 1996 में किया गया था। यह दुनिया की बहुत कम नौ-विमान एरोबेटिक टीमों में से एक है और एशिया में एकमात्र है। इस अनूठी टीम ने भारत में 500 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। इसके अलावा विदेशों में भी कई प्रदर्शन किया है।

## प्रदेश में बारिश का दौर जारी, ओवरफ्लो हुए बांध और झीलें

# उदयपुर की फतेहसागर झील पर चली चादर, चार गेट खोले

बेधड़क | उदयपुर


राजस्थान में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर पूर्वी राजस्थान पर बना हुआ है। इसके असर पिछले दो-तीन दिनों राजस्थान के कई इलाकों में मानसून सक्रिय है। अजमेर, जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में भारी बरसात जारी है।

लगातार बारिश के कारण प्रदेश के अधिकतर बांध और झीलें ओवरफ्लो हो गई हैं। इस बीच उदयपुर शहर की शान विश्व प्रसिद्ध फतेहसागर झील लबालब होकर ओवरफ्लो हो गई है।

शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने शहरवासियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर फतेहसागर के गेट खोले। इसके साथ ही समूचा उदयपुर खुशी से झूम उठा।

पाल पर मौजूद लोगों ने जयकारे लगाकर खुशी व्यक्त की। गेट खुलने के साथ ही रपट पर पानी बहना शुरू हो गया। यह देखकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया। वहीं आसींद का खारी बांध भी 27 साल बाद छलक गया। 21 फीट भराव क्षमता वाले खारी बांध में शनिवार सुबह चादर चल गई।

### आसींद का खारी बांध भी 27 साल बाद छलका



### झीलों में तेजी से पानी की आवक

उदयपुर में पिछले दिनों हुई लगातार बारिश से झीलों में तेजी से पानी की आवक हो रही है। शनिवार को फतेहसागर का जलस्तर 13 फीट होने के बाद दोपहर 1 बजे गेट खोलने की घोषणा की गई। दोपहर ठीक 1 बजे आमजन को अलर्ट करने के लिए सायरन बजाया गया। इसके बाद जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल, उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना की। जिला कलेक्टर ने जल देवता को पुष्प और श्रीफल अर्पित किए। इसके बाद एक-एक करके फतेहसागर के 4 गेट 6-6 इंच क्षमता में खोले गए।

### खारी नदी में बढ़ा जलस्तर

भीलवाड़ा। आसींद का प्रमुख खारी बांध 27 साल बाद लबालब हो गया। इस पर चादर चलने के बाद अब खारी नदी भी तीव्र वेग से बह रही है। खारी नदी जिस गांव में पहुंच रही है, उस क्षेत्र के वासी नदी की पूजा अर्चना कर रहे हैं। उपखंड अधिकारी उम्मेद सिंह राजावत ने बताया कि खारी बांध का जलग्रहण क्षेत्र राजसमंद जिले में आता है। इस बार वहां मानसून की अच्छी बारिश होने के कारण 21 फीट भराव क्षमता का खारी बांध लबालब हो गया। शनिवार सुबह चादर चल गई है। इसका पानी खारी नदी के जरिए आसींद, परासोली, शंभूगढ़, अंटाली होते हुए ब्यावर जिले के प्रमुख नारायण सागर बांध में पहुंचता है।

### पार्वती बांध के फिर खोल तीन गेट

धौलपुर। पार्वती बांध के तीन गेट फिर खोले गए हैं। वहीं, कैचमेंट एरिया में हो रही बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। अधिशासी अभियंता राजकुमार सिंगला ने बताया करौली एवं जिले के डांग क्षेत्र में हुई बारिश का पानी पार्वती बांध के कैचमेंट एरिया में तेजी से पहुंच रहा है। पार्वती बांध की भराव क्षमता 223.41 मीटर है। शुक्रवार दिन एवं रात में हुई बारिश से बांध के कैचमेंट एरिया में तेजी से पानी की आवक हुई है। वर्तमान समय में बांध का गेज लेवल 223.40 मीटर तक पहुंच चुका है। महज 1 सेंटीमीटर बांध खाली है। उन्होंने बताया कि गेज को मेंटेन करने के लिए शनिवार को गेट नंबर 10, 11 एवं 16 खोलकर 145 क्यूसेक पानी पार्वती नदी में रिलीज किया।

## धौलपुर एसीबी टीम की कार्रवाई

# भुसावर सीओ का रीडर व दलाल रंगे हाथों गिरफ्तार

### एफआर लगाने के लिए मांगे 1 लाख 50 हजार रुपए



बेधड़क | भरतपुर

धौलपुर एसीबी टीम ने शनिवार को भरतपुर के नदबई में कार्रवाई की। एसीबी की टीम ने भुसावर सीओ के रीडर और दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी रीडर ने मामले में एफआर लगाने की एवज में परिवादी से 1.50 लाख की रिश्वत मांगी थी। शनिवार को 1 लाख 20 हजार की रिश्वत राशि के साथ रीडर और दलाल को पकड़ लिया गया। फिलहाल टीम की ओर से कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार वैर के सेंधली निवासी परिवादी पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ दर्ज श्री एक्ट के मामले में एफआर लगाने की एवज में भुसावर सीओ के रीडर हरिराम मीणा और दलाल राकेश ने 1.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। लेकिन दोनों 1.20 लाख रुपए पर सहमत हो गए। परिवादी ने इसकी शिकायत धौलपुर एसीबी टीम को की। जिस पर टीम की ओर से शिकायत का सत्यापन किया गया। शनिवार को धौलपुर एसीबी टीम ने एएसपी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में नदबई के बाजार क्षेत्र में कार्रवाई कर रीडर हरिराम मीणा और दलाल राकेश को 1.20 लाख रुपए की रिश्वत राशि के साथ पकड़ लिया। फिलहाल टीम की ओर से आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

# बहरावंडा खुर्द में सजाई गणेश की झांकी

बेधड़क | बहरावंडा खुर्द

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में शनिवार को कस्बे के मुख्य बाजार में गणेश मंदिर पर गणेश जी की आकर्षक झांकी सजाई गई।

वहीं गणेश मंदिर परिसर के दोपहर 12 बजे मंगलारती करके कपाट खोले गए। इस दौरान ग्रामीणों ने गणेश के जयकारे लगाते हुए दर्शन किए। वहीं गणेश जी के ग्रामीण भक्तों ने मोदकों का भोग तैयार कर थाली सजाई गई। गणेश मंदिर पुजारी मुरारी लाल शर्मा ने बताया की गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश जी की आकर्षक झांकी सजाई गई। वहीं गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कपाट खोलने के बाद गणेश जी की विधि विधान पूर्वक कर मंत्रोचारण के साथ आरती की गई। ग्रामीणों को गणेश जी के भोग लगाकर मोदकों का वितरण किया।




## प्रथम पूज्य का किया दुग्धाभिषेक, केदारनाथ की झांकी सजाई

# धूमधाम से मनाया गया गणेश महोत्सव

बेधड़क | बस्सी

गणेश उत्सव के तहत शनिवार को गणेश जी के मंदिरों में मनमोहक झाकियां सजाई गईं। प्रथम पूज्य के दर्शनों के लिए दिन भर भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा।

इस दौरान बस्सी कस्बे में धूमधाम से गणेश महोत्सव का आगाज हुआ। मुख्य बाजार स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में सुबह गजानंद भगवान का अभिषेक किया गया। इसके बाद केदारनाथ की झांकी के साथ मंदिर को सजाया गया। श्रद्धालुओं ने गुड़धाणी, लड्डू और मिठाईयों का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। मंदिर महंत महेश कुमार भादूका ने बताया कि 'गणेश महोत्सव के तहत शाम को मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। 'जिसमें ख्यातनाम भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।



## दौसा में गो तस्करी

# ट्रोले में भरे 3 दर्जन से अधिक गोवंश, 18 गायों की मौत

बेधड़क | दौसा

दौसा में एक बार फिर गो तस्करी का मामला सामने आया है। पुलिस ने गो तस्करों के चंगुल से तीन दर्जन से अधिक गो वंश को मुक्त कराया। इस दौरान 18 गायों की मौत भी हो गई। जिले के सलेमपुर थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि रात को सूचना मिली कि गो तस्कर एक ट्रोले में खोहर्रा कुटतकपुर से गायों को भरकर ले जा रहे हैं। इस दौरान सलेमपुर थाना पुलिस जाब्ते के साथ रवाना हुई। ऐसे में एक ट्रोला सांथा रोड़ की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन ट्रोले के ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी। पुलिस ने करीब 25 किलोमीटर तक गो तस्कारों का पीछा किया।

### 25 किमी तक पुलिस ने किया पीछा, तस्कर हुए फरार



### बाजरे के खेत में भागे

पुलिस ने पीछा किया तो चालक ट्रोले को पहले तो महुवा की तरफ ले जाने लगा। जहां पुलिस की नाकाबंदी देख टोल प्लाजा से यूटर्न लेकर वापस हिण्डौन की तरफ भागने लगे। पुलिस की गाड़ी लगातार ट्रोले का पीछे भागती रही। खोहरा चौकी से सांथा की तरफ जाने पर घेराबंदी देख तस्कर बाजरे के खेत में ट्रोले को छोड़कर फरार हो गए। ट्रोल की तलाशी लेने पर उसमें गोवंश मिले।

### ठूंस-ठूंसकर भरे थे गोवंश

थाना प्रभारी के अनुसार ट्रोले में 40 गाय-सांडों को गो तस्करों ने ठूंस-ठूंसकर भरा था। जिसके कारण 18 गायों की दम घुटने से मौत हो गई। वहीं अन्य घायल गायों और सांडों का इलाज करवाकर दौसा गोशाला में छुड़वा दिया है। ट्रोले में गोवंश कहां से भरकर ले जाया जा रहा था। इसके लिए ट्रोला के नंबर प्लेट व चेचिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक का पता लगाने के प्रयास में जुटी है। चालक के फरार होने से पुष्टि हुई है कि गोवंश को तस्करी के लिए ही ले जाया जा रहा था। पुलिस ने राजस्थान गोवंशीय एक्ट 1995 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रणथंभौर का लक्खी मेला

# त्रिनेत्र गणेश मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

बेधड़क | सवाई माधोपुर

गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर सवाई माधोपुर के रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेले में ऐसा जनसमुदाय उमड़ा कि पुलिस प्रशासन को व्यवस्थाएं बनाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां मेले का आयोजन किया जाता है।

रणथंभौर सर्कल से लेकर दुर्ग तक दर्जनों की तादाद में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय मेले में राजस्थान ही नहीं अन्य प्रांतों के कोने-कोने से भी श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर में भगवान गणेश के जन्मोत्सव की अद्भुत झांकी सजाई गई और त्रिनेत्र गणेश का स्वर्ण आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार किया गया है।

किले में विराजमान गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं।

तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों के माध्यम ये अव्यवस्था फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। मेले में उमड़े जनसैलाब से लगभग 7 किमी लंबा जाम लगा रहा।

## टेड एक्स-आईआईएचएमआरयू टॉक शो का आयोजन, युवा उद्यमियों ने अपने विचारों से युवाओं को किया प्रेरित

# शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सरोकार... लोक कला पर साझा किए अनुभव

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएचएमआर फाउंडेशन की ओर से टेड एक्स आईआईएचएमआरयू के द्वितीय संस्करण का राजधानी में आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सरोकार, लोक कला संरक्षण आदि के तकनीकी नवाचार कर देश और समाज को बेहतर बनाने वाले युवा उद्यमियों ने अपने विचारों से युवाओं को प्रेरित किया। आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय में यह "इंस्पायर, इनोवेट, इम्पैक्ट" विषय पर केंद्रित एक प्रेरक टॉक शो रहा। जहां सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध दूरदर्शी और चेंजमेकर्स के एक समूह को एक मंच पर साथ लाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चिराटे वेंचर्स के संस्थापक और अध्यक्ष सुधीर सेठी का उद्घाटन भाषण रहा। आईआईएचएमआर के प्रेसिडेंट एसडी गुप्ता, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. पी.आर. सोडानी, फाउंडेशन की निदेशक यामिनी अग्रवाल, निदेशक अयान अग्रवाल और आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स के सीईओ पुनीत दत्ता ने वक्ताओं का स्वागत किया।



### रोगी की सुरक्षा और स्वास्थ्य की देखभाल आवश्यक

आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र और लियो 1 के संस्थापक रोहित गजभिये ने शिक्षा में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में अपना अनुभव साझा किया। फोर्ब्स 30 अंडर 30 और टाइम्स 40 अंडर 40 सूचियों में उनकी मान्यता अगली पीढ़ी के बीच जिम्मेदार वित्तीय आदतों को बढ़ावा देने और दर्शकों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने को रेखांकित करती है। हेल्थकेयर लीडर डॉ. सुहासनी जैन ने चिकित्सा त्रुटियों के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित किया और रोगी की सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता पर उनके गहरे प्रभाव पर जोर दिया। अपने व्यापक प्रशिक्षण के बावजूद, डॉक्टर अचूक नहीं हैं और मानवीय सीमाओं के अधीन हैं, जिसके लिए यथार्थवादी अपेक्षाओं और डॉक्टरों और रोगियों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

### सर्जिकल हस्तक्षेप के बिना न्यूरोलॉजिकल स्थितियों का इलाज संभव

टॉक शो में "योगिक न्यूरोसर्जन" डॉ. मयूर विनयकुमार काकू ने सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना न्यूरोलॉजिकल स्थितियों के इलाज के लिए पूर्वी और पश्चिमी प्रथाओं को एकीकृत करने की अपनी अनूठी यात्रा साझा की। वहीं राजस्थान रॉयल फाउंडेशन की प्रमुख दीक्षा सेखरी ने सामाजिक प्रभाव पहल के माध्यम से स्थायी परिवर्तन लाने पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने सार्थक, स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए उच्च प्रभाव, कम बजट वाले संचार अभियान तैयार करने और देने की संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### आलोचना व्यक्तिगत नहीं ली जाए

फार्मेसी में स्वर्ण पदक विजेता प्रतीक कसाना ने अपनी प्रेरक यात्रा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने आलोचना को व्यक्तिगत रूप से न लेने के महत्व पर जोर दिया, यह समझते हुए कि यह अक्सर किसी के स्वयं के मूल्य के बजाय दूसरों के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है। मनेशा ए अग्रवाल के नेतृत्व में अर्पण म्यूजिक लैब ने कार्यक्रम में रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

---

## Yuva स्टोरीज

### रावत पब्लिक स्कूल में गणेशोत्सव के साथ मनाया ग्रैंड पैरेंट्स डे



**बेधड़क** | जयपुर

गणेश चतुर्थी के अवसर पर रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर में गणेशोत्सव के साथ ग्रैंड पैरेंट डे का आयोजन विद्यालय के निर्मला ऑडिटोरियम में किया गया। गणेशोत्सव में रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक और अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने विद्यालय में श्री गणेश की इको फ्रेंडली मूर्ति की स्थापना की और विद्यालय परिवार के साथ पूजन अर्चन किया। इसके बाद विद्यालय के निर्मला ऑडिटोरियम में विशाल ग्रैंड पैरेंट डे सेलिब्रेशन "दुलार" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक ग्रैंड पैरेंट्स ने प्रतिभागियों ने भाग लिया। मांटेसरी और प्राइमरी विंग के बच्चों ने अपने दादा दादी नाना नानी का विधिवत पूजन किया। नन्हे मुन्नों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ग्रैंड पैरेंट्स ने भी अपने भावों को व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित वृद्धाश्रम के सदस्यों का विद्यार्थियों द्वारा पूजन किया गया। उन्हें उपहार स्वरूप कंबल दिए गए और विशिष्ट भोज आयोजित किया गया। विद्यालय के एकेडमिक हेड राजेश कंथारिया ने सभी का स्वागत करते हुए मूल्यों को महत्व देने की आवश्यकता को बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मोहित यादव बने प्रयास फाउंडेशन सोसाइटी के जिलाध्यक्ष



**जयपुर।** प्रयास फाउंडेशन सोसाइटी राजस्थान के जयपुर जिले के अध्यक्ष पद पर मोहित यादव की नियुक्त की गई है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पवन भारद्वाज ने यादव की यह नियुक्ति उनके समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता, नेतृत्व क्षमता एवं संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए की है। वहीं यादव को 7 दिन में जयपुर जिले की कार्यकारिणी समिति का गठन एवं मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वतंत्र पत्रकार खण्डेलवाल को लाडली मीडिया अवॉर्ड



**भरतपुर।** पॉपुलेशन फर्स्ट (पीएफ) की ओर से मुम्बई में 14वें लाडली मीडिया विज्ञापन पुरस्कार प्रदान किए गए। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के तत्वावधान में मुंबई में आयोजित समारोह में भरतपुर के वरिष्ठ व स्वतंत्र पत्रकार राजेश खण्डेलवाल को सम्मानित किया गया। उन्हें जेंडर सेंस्टिविटी श्रेणी में महिलाओं के त्याग, संघर्ष और आर्थिक स्वावलंबी बनने से जुड़ी 3 महिलाओं की प्रेरणादायक स्टोरियों के लिए यह अवॉर्ड दिया गया। खण्डेलवाल भरतपुर के एकमात्र ऐसे पहले पत्रकार हैं, जिन्हें लाडली मीडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं। कार्यक्रम में अभिनेत्री रेणुका शहाणे, पीएफ के ट्रस्टी डॉ. ए.एल. शारदा, निदेशक योगेश पवार, लाडली मीडिया पुरस्कार समन्वयक डॉली ठाकोर, अनुजा गुलाटी व अन्य लोग शामिल हुए थे।

---

## पांच साल बाद निकली भर्ती में कम पदों से अभ्यर्थियों में निराशा

# रेलवे में NTPC के 11,558 पदों पर भर्ती, आयु में 3 साल की छूट




**यह है पदों की संख्या**

**अंडर ग्रेजुएट एनटीपीसी पद**
- जूनियर क्लर्क सह टाइपिस्ट- 990 पद
- अकाउंट्स क्लर्क (सह टाइपिस्ट)- 361 पद
- वाणिज्यिक सह टिकट क्लर्क- 2022 पद

**ग्रेजुएट लेवल एनटीपीसी पद**
- गुड्स ट्रेन मैनेजर- 3144 पद
- मुख्य वाणिज्य सह टिकट पर्यवेक्षक- 1736 पद
- वरिष्ठ लिपिक सह टाइपिस्ट- 732 पद
- जूनियर अकाउंट असिस्टेंट कम टाइपिस्ट- 1507 पद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने एनटीपीसी भर्ती का शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस बार कुल 11558 वैकेंसी निकली हैं। एनटीपीसी यानी नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी में ग्रेजुएट लेवल के लिए 8113 पदों पर और अंडर ग्रेजुएट लेवल के लिए 3445 पदों पर भर्ती निकाली गई है। पांच साल बाद निकाली गई। सिर्फ साढ़े 11 हजार रिक्तियों से छात्रों में निराशा है। 2019 में 35000 से ज्यादा भर्तियां निकली थीं। रिक्तियों में स्टेशन मास्टर, गुड्स ट्रेन मैनेजर, सीनियर क्लर्क कम टाइपिस्ट, चीफ कमर्शियल कम टिकट सुपरवाइजर, अकाउंट्स क्लर्क कम टाइपिस्ट, जूनियर क्लर्क कम टाइपिस्ट व ट्रेन क्लर्क जैस पद शामिल हैं। आरआरबी एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 सितंबर से शुरू हो जाएगी। आरआरबी की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर है। जबकि अंडर ग्रेजुएट लेवल की एनटीपीसी भर्ती की आवेदन प्रक्रिया 21 सितंबर से 20 अक्टूबर तक चलेगी। नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि कोरोना महामारी के चलते अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में तीन साल आयु सीमा की छूट मिलेगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2025 से की जाएगी।

**यह रहेगी योग्यता**

**अंडर ग्रेजुएट लेवल भर्ती के लिए**
- **शैक्षणिक योग्यता :** मान्यता प्राप्त स्कूल/बोर्ड से बारहवीं अथवा समकक्ष परीक्षा पास होना चाहिए।

**ग्रेजुएट लेवल भर्ती के लिए**
- **शैक्षणिक योग्यता (उपरोक्त पद) :** मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्थान से किसी भी विषय में बैचलर डिग्री प्राप्त हो।
- **आयु सीमा :** इस बार सभी वर्गों को अधिकतम आयु सीमा में तीन साल की छूट दी गई है। इसलिए अंडर ग्रेजुएट लेवल भर्ती में आयु सीमा 18-33 वर्ष और ग्रेजुएट लेवल भर्ती में 18-36 वर्ष रखी गई है। अधिकतम आयु सीमा में एससी व एसटी वर्ग को पांच वर्ष एवं ओबीसी को तीन वर्ष की छूट रहेगी।
- **चयन :** सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) के जरिए होगा। हालांकि यह विस्तृत नोटिफिकेशन जारी होने पर पता चल पाएगा कि सीबीटी एक चरण में होगा या दो चरणों में। स्किल टेस्ट से जुड़ी डिटेल भी विस्तृत नोटिफिकेशन के आने पर पता चलेगी।

## NTA ने जारी की UGC-NET जून सत्र परीक्षा की उत्तर कुंजी

**बेधड़क** | जयपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जून सत्र की यूजीसी नेट परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। एजेंसी ने 21 अगस्त से 23 अगस्त के बीच आयोजित परीक्षाओं की उत्तर कुंजी जारी की है। इन तिथियों पर आयोजित परीक्षा में जो भी उम्मीदवार शामिल हुए थे, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उत्तर कुंजी देख सकते हैं। यूजीसी नेट की प्रोविजनल आंसर-की में प्रश्न पत्र और रिकॉर्ड किए गए उत्तर शामिल हैं। अगर छात्रों को प्रोविजनल आंसर-की पर कोई आपत्ति है तो वे 7 सितंबर से 9 सितंबर रात 11:50 बजे तक चैलेंज सबमिट कर सकते हैं। चैलेंज फीस जमा करने की आखिरी तारीख 9 सितंबर है। यूजीसी नेट 2024 परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर तक 83 विषयों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की गई थी। यूजीसी नेट उत्तर कुंजी में परीक्षा तिथि, परीक्षा शिफ्ट, विषय का नाम, पेपर कोड, प्रश्न आईडी, सही उत्तर जैसे विवरण शामिल हैं। उम्मीदवार यूजीसी नेट उत्तर कुंजी की मदद से अपना संभावित स्कोर भी जान सकते हैं। इसकी गणना करने के लिए उम्मीदवार प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक जोड़ें। गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं काटते हुए गणना कर सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को उत्तर कुंजी पर आपत्ति है, तो 9 सितंबर तक उसे दर्ज करा सकते हैं। चुनौती शुल्क भुगतान का तरीका चुनें और चुनौती दिए गए प्रत्येक प्रश्न के लिए 200 रुपये की दर से अपना शुल्क अदा करें।

---

## राजस्थान विवि में किया अभिनंदन

# रस्तोगी के प्रयासों से बची थी राजस्थान विवि की बेशकीमती जमीन



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में इस वर्ष शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित शिक्षकों को टीचर एक्सीलेंस अवार्ड 2023-24 प्रदान करने के लिए आयोजित समारोह में वर्तमान में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया राज दीपक रस्तोगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में रस्तोगी का एक विधिवेत्ता के रूप में ख्याति अर्जित करने पर विवि कुलपति अल्पना कटेजा आदि ने भावपूर्ण अभिनंदन किया।

बता दें कि रस्तोगी ने राजस्थान विश्वविद्यालय की बेशकीमती भूमि को बचाने और पट्टा दिलाने तथा न्यायालय प्रकरणों में काफी मदद की थी। दरअसल, राजस्थान विश्वविद्यालय की स्थापना और वर्ष 1961 में कुल लगभग 364 एकड़ की विशाल भूमि और मुख्य परिसर जिसका वर्तमान में बाजार मूल्य अरबों रुपए है। इसकी वर्षों पूर्व स्वीकृति तो घोषणा कर दी गई थी। लेकिन 70 वर्षों की लंबी अवधि के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता या अन्य किन्हीं कारणों से औपचारिक रूप से स्वामित्व प्राप्त नहीं किया जा सका था। ऐसे में राजस्व नियमों से जुड़ी इस पेचीदगी का लाभ उठाकर प्रभावशाली भूमाफियाओं ने विश्वविद्यालय से ही जुड़े कुछ शिक्षकों एवं अन्य अशैक्षणिक कर्मियों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग से भूमि पर अनधिकृत रूप से कब्जा करवाना प्रारंभ कर दिया था। वर्ष 2007 में तो इस भूमि पर इन अतिक्रमणों कि तो एक तरह से बाढ़ सी आ गई। ऐसे में मीडिया और कुछ विश्वविद्यालय के प्रति अत्यधिक जुड़ाव रखने वाले लोगों ने उस समय विवि पीआरओ भूपेंद्र सिंह शेखावत को इसकी सूचना दी। शेखावत ने इसकी सूचना विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति एनके जैन को औपचारिक रूप से दी। उसके बाद इस भूमि को बचाने के लिए एक व्यापक अभियान प्रारंभ हो गया। अभियान में मीडिया से जुड़े लोग और वर्तमान में मुख्यमंत्री भजनलाल के प्रेस सलाहकार हिरेन जोशी आदि जुड़ गए।

इसी दरम्यान एडवोकेट राज दीपक रस्तोगी ने पीआरओ भूपेंद्र सिंह शेखावत को फोन कर विश्वविद्यालय की भूमि को बचाने के इस अभियान को सराहा। साथ ही रस्तोगी ने स्वैच्छिक एवं निशुल्क रूप से विवि को विधिक मार्गदर्शन देना शुरू किया। इस तरह 10 वर्ष के लंबे समय बाद विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर से जुड़ी 207 एकड़ भूमि का विधिवत्त औपचारिक स्वामित्व का अधिकार पत्र विश्वविद्यालय को जारी किया गया और शेष 157 एकड़ भूमि को विवि के स्वामित्व में लिए जाने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। अभी हाल ही इस प्रक्रिया के तहत लगभग 500 बीघा भूमि का स्वामित्व विश्वविद्यालय को भी दिया जा चुका है।

---

**वेकैंसी** | 30 सितंबर तक किए जा सकेंगे आवेदन

# भारतीय मानक ब्यूरो में ग्रुप ए, बी व सी पदों पर निकली भर्ती

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने कई पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बीआईएस की इस वैकेंसी के ग्रुप ए, ग्रुप बी व ग्रुप सी से जुड़े रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें असिस्टेंट डायरेक्टर, पर्सनल असिस्टेंट, असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, स्टेनोग्राफर व सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट समेत अन्य पद शामिल हैं। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड की इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। इच्छुक व योग्य उम्मीदवार बीआईएस की आधिकारिक वेबसाइट बीआईएस पर विजिट कर ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 9 से होंगे शुरू

नोटिफिकेशन के अनुसार बीआईएस की इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 09 सितंबर से शुरू होंगे और 30 सितंबर 2024 को मध्यरात्रि तक किए जा सकेंगे।

**वैकेंसी डिटेल**
- असिस्टेंट डायरेक्टर (फाइनेंस)- 1
- असिस्टेंट डायरेक्टर (मार्केटिंग एंड कंज्यूमर अफेयर्स)- 1
- असिस्टेंट डायरेक्टर (हिंदी)- 1
- असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर- 43
- असिस्टेंट (कम्प्यूटर एडेड डिजाइन)- 01
- सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट- 128
- जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट- 78

### यह है चयन की प्रक्रिया



असिस्टेंट डायरेक्टर का चयन ऑनलाइन परीक्षा व इंटरव्यू के जरिए किया जाएगा। पर्सनल असिस्टेंट के लिए ऑनलाइन एग्जाम व स्किल टेस्ट होगा। ट्रेक्निशियन, सीनियर ट्रेक्निशियन व ट्रेक्निकल असिस्टेंट (लैब) के लिए ऑनलाइन एग्जाम व प्रैक्टिकल अथवा स्किल टेस्ट होगा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए कितना मिलेगा समय ऑनलाइन परीक्षा में कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनको हल करने के लिए उम्मीदवारों को कुल 120 मिनट मिलेंगे।

### इतने प्रतिशत अंक लाना जरूरी

उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा कुल अंकों में से कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी होगा। इसके बाद ही इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। आयु सीमा व फीस आदि से जुड़ी अन्य जानकारियों के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक नोटिफिकेशन पढ़ने की सलाह दी जाती है।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शनि शिंगणापुर धाम

# यहां शनिदेव करते हैं सुरक्षा... न घरों में और ना ही बैंकों में लगते हैं ताले!

**शाश्वत सनातन**

*शनि शिंगणापुर मंदिर भगवान शनि का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है जो महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है। यह मंदिर विशेष रूप से शनिदेव को समर्पित है और इसकी लोकप्रियता का कारण न केवल धार्मिक आस्था है, बल्कि यहां की अद्वितीय परंपराएं भी हैं। यह मंदिर शिरडी से 65 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और हर साल लाखों भक्त यहां आते हैं।*



## स्वयंभू शनि भगवान की मूर्ति

मंदिर में स्थित शनिदेव की मूर्ति को 'स्वयंभू' कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि यह मूर्ति स्वयं प्रकट हुई है। यह मूर्ति काले पत्थर की है और इसकी ऊंचाई 5 फुट 9 इंच तथा चौड़ाई 1 फुट 6 इंच है। ऐसा माना जाता है कि यह मूर्ति कलियुग के प्रारंभ में चरवाहों को मिली थी। शनिदेव ने स्वयं चरवाहों को स्वप्न में आकर पूजा विधि के बारे में निर्देश दिए थे।

## मूर्ति के ऊपर छत नहीं

शनि शिंगणापुर की एक और विशेषता यह है कि यहां शनिदेव की मूर्ति के ऊपर कोई छत नहीं है। इसका कारण यह है कि शनिदेव ने स्वयं चरवाहों को बताया था कि उनके लिए कोई छत आवश्यक नहीं है, क्योंकि पूरा आकाश ही उनकी छत है। इसीलिए आज भी शनिदेव खुले आसमान के नीचे खड़े हैं, चाहे धूप हो, बरसात हो या कोई भी ऋतु।

## कभी चोरी नहीं हुई

यहां की एक और अद्वितीय विशेषता यह है कि शिंगणापुर में राष्ट्रीयकृत यूको बैंक की शाखा के दरवाजों पर भी ताले नहीं लगाए जाते। यह भी शनिदेव की सुरक्षा का एक प्रमाण माना जाता है। बैंक में ताले न होने के बावजूद कभी चोरी की घटना नहीं हुई है, जो भक्तों के विश्वास को और प्रगाढ़ बनाती है।




## गांव की अनोखी है परंपरा

शिंगणापुर गांव को विश्व स्तर पर इसलिए पहचाना जाता है, क्योंकि यहां के घरों में दरवाजे नहीं लगाए जाते। यहां तक कि घरों में ताले भी नहीं लगाए जाते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि गांव में कभी चोरी नहीं होती। इस गांव की यह परंपरा शनिदेव की कृपा से जुड़ी हुई मानी जाती है। यहां के निवासियों का मानना है कि शनिदेव इस गांव की सुरक्षा करते हैं, और जो कोई चोरी का प्रयास करता है उसे दैवीय दंड मिलता है।



## दर्शन के समय पीछे मुड़कर नहीं देखते

जनश्रुतियों के अनुसार, जो कोई भी शनि भगवान के दर्शन करने आता है, उसे दर्शन के समय पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि यदि कोई व्यक्ति दर्शन के दौरान पीछे मुड़कर देखता है, तो उस पर शनिदेव की कृपा दृष्टि नहीं होती और उसका यात्रा निष्फल हो जाती है। शनि शिंगणापुर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां की अनोखी परंपराएं इसे और भी विशेष बनाती हैं। यहां आने वाले भक्त शनिदेव की कृपा पाने के साथ ही, एक ऐसा अनुभव भी प्राप्त करते हैं जो कहीं और नहीं मिलता।

**कॅरिअर परामर्श**

# कोचिंग संस्थान और चारों ओर फैला उनका भ्रमजाल




अर्चना त्यागी


सपने देखना अच्छी बात है। उन्हें पूरे करने की कोशिश करना और भी अच्छी बात है। परंतु लक्ष्य को पहचानकर प्रयास करना हमें अवश्य ही सफलता की सीढ़ी तक पहुंचा देता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग करना छात्रों की आवश्यकता बन चुका है। सही बात है, बिना उचित निर्देशन के मुकाम तक पहुंचना संभव भी नहीं है। फिर भी इस विषय पर लिखने की आवश्यकता हो गई है। कारण अच्छाई की छोटी बहन बुराई इतनी चतुर है कि चलती तो अच्छाई की उंगली पकड़कर है, लेकिन धीरे धीरे अच्छाई के लिए सभी रास्ते बंद करके हर स्थान पर अपना कब्जा जमा लेती है। कोचिंग के नाम पर ठगों का बाजार गर्म है। कितने माता पिता परेशान घूमते रहते हैं कि किसी नए कोचिंग में फीस जमा की। एक दो महीने पढ़ाई भी हुई उसके बाद बहानेबाजी शुरू। फिर पता चला कि कोचिंग वाला शहर छोड़कर चला गया है। ये तो सीधे सीधे ठगी का उदाहरण हैं। इसके अलावा भी बहुत से छलावे हैं।

कोचिंग की शुरुआत में विषय अध्यापक अलग होते हैं और कुछ दिनों बाद ही ऐसे अध्यापक आ जाते हैं, जिन्हे स्वयं ही पढ़ने की जरूरत है। माता पिता विश्वास करके कोचिंग सेंटर जाते हैं कि उनके बच्चे को उचित कॅरिअर परामर्श मिलेगा, परंतु होता तो उल्टा ही है।




वह छात्र जो कक्षा में मुश्किल से पास होता है, कोचिंग वाले विश्वास दिला देते हैं कि वह आसानी से कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर लेगा। होता इसका उल्टा ही है। कुछ दिनों बाद ही बच्चे को महसूस हो जाता है कि उस परीक्षा को पास करना उसके बस का नहीं है और वह कोचिंग छोड़ देता है। परिणाम पैसे और समय दोनों की बरबादी। कई छात्र तो इतना परेशान हो जाते हैं कि भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी नहीं करने की कसम तक खा लेते हैं। आए दिन घर से दूर रहकर कोचिंग करने वाले छात्रों की अवसाद के कारण होने वाली मृत्यु की घटनाएं सुर्खियों में छाई रहती है।

अब क्या किया जाए कि कोचिंग का लाभ भी मिल जाए और उसके कारण होने वाली समस्याओं से भी निजात मिल सके। जागरूक अभिभावकों को ही होना पड़ेगा। बच्चे को ईश्वर ने जितनी क्षमताएं देकर पैदा किया है उनको निखारना ही उनकी जिम्मेदारी है। उस जिम्मेदारी का निर्वाह दूसरा कोई नहीं कर सकता है। अपने बच्चे से निरंतर संवाद बनाए रखें। अपने टूटे सपनों को उन पर थोपने से बचें।

कोचिंग के भ्रमजाल में अनावश्यक रूप से न पड़ें। जिस भी कोचिंग में अपने बच्चे का दाखिला करवाने जा रहे हैं उसके बारे में पहले पूरी जानकारी प्राप्त करें। सबसे महत्वपूर्ण बात जब तक आवश्यकता नहीं जो इस जाल से बचे रहें । यदि कोई अनहित हो जाता है तो न केवल सजा दिलवाएं, बल्कि दूसरे लोगों को भी उस अनहित के विषय में जानकारी अवश्य दें, ताकि कुछ और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ होने से बच जाए।

**कविता**

# मां का महत्व

*मां है धरती, मां ही आसमान,*
*मां के बिना सब है वीरान।*
*उसके आंचल में छिपा*
*संसार, ममता का है वह*
*अमूल्य उपहार।*

*जब गिरते कदम, मां ने थामा,*
*उसके बिना हर रिश्ता है*
*अधूरा। आंखों में बसी उसकी*
*दुआ, मां ही है जीवन की*
*सच्ची आशा।*

*रातों को जगकर हमें*
*सुलाती, हर दुख-दर्द खुद*
*सह जाती। मां की ममता का*
*नहीं कोई मोल, उसके बिना*
*मन है खाली और डोल।*

*सुख-दुख में वो हमेशा साथ*
*खड़ी, उसके प्यार की छांव से*



*दुनिया बड़ी। मां की गोद ही है*
*स्वर्ग का द्वार, उससे बढ़कर*
*नहीं कोई उपहार।*

*मां का स्थान है सबसे ऊंचा,*
*उसके बिना जीवन अधूरा*
*और रूखा। मां की ममता,*
*स्नेह और प्यार,*
*इससे बढ़कर नहीं*
*कोई संसार।*

**शब्दों की सीख**

# धनिकलाल जी का कर्ज

*उस रात रामलाल ने बिल्कुल भी आराम नहीं किया। वह रात भर नाले के पास बैठा रहा।*




सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार


हिमाचल प्रदेश के एक नगर में सेठ धनिकलाल के नाम से करीबन सौ साल पुरानी एक धर्मशाला थी। हर साल अनेक तीर्थयात्री, यात्री, पथिक उस धर्मशाला में रात्रि व दिन-विश्राम तथा किसी कार्य विशेष के लिए ठहरा करते थे, क्यों कि उस शहर में होटल, रेस्टोरेंट धर्मशाला की तुलना में बहुत ही महंगे थे। महंगाई के कारण आम यात्रियों के लिए महंगे होटलों, रेस्तरां में ठहरना मुश्किल था। सेठ धनिकलाल ने मानव सेवार्थ हेतु अपने नाम से शहर में एक धर्मशाला खोली थी। स्वयं धनिकलाल जी तो हृदय की बीमारी के चलते बहुत पहले ही स्वर्ग सिधार चुके थे। उनका सारा परिवार कोलकाता में बस चुका था। धनिकलाल जी के दो बेटों दुर्गा प्रसाद और शांतिलाल का कपड़े का व्यापार था। कोलकाता में दोनों का व्यापार अच्छा खासा चल रहा था और वे प्रायः उसमें ही ज्यादा व्यस्त रहते थे। अपने पिता धनिकलाल जी की हिमाचल प्रदेश में स्थित धर्मशाला पर वे दोनों ही कोई विशेष ध्यान इसलिए नहीं देते थे, क्यों कि एक तो धर्मशाला उनके निवास स्थान से बहुत दूर स्थित थी, दूसरा कपड़े के व्यापार में व्यस्तता के चलते वे धर्मशाला की देखरेख की ओर वे ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते थे। वे आठ-दस बरसों में ही कभी कभार धर्मशाला को देखने, उसकी सार-संभाल के लिए हिमाचल आते थे। सच तो यह है कि पिता के निधन के बाद हिमाचल प्रदेश में उनका आना-जाना लगभग न के बराबर ही रहता था।

धर्मशाला की देखरेख का जिम्मा उन्होंने अमरसिंह नाम के एक व्यक्ति को सौंप रखा था। वह भी धर्मशाला की तरह ज्यादा ध्यान नहीं देता था। कुछ पूछताछ भी होती कह देता था, बाबूजी यहां सब कुछ ठीक-ठाक है और कोई भी समस्या नहीं है। हालांकि, धर्मशाला धीरे धीरे जर्जर हो चुकी थी और उसकी कुछ दीवारें गिरने की कगार पर पहुंच चुकी थी। उसी धर्मशाला में रामलाल नाम का एक चौकीदार भी था। सेठ धनिकलाल जी का बहुत खास आदमी था। धनिकलाल जी जब जिंदा थे तभी से रामलाल धर्मशाला का चौकीदार रहा था। धनिकलाल को धर्मशाला की देखरेख के लिए जितना विश्वास चौकीदार रामलाल पर था, उतना शायद स्वयं के दोनों पुत्रों पर भी नहीं था। धनिकलाल जी जब जिंदा थे तब एक दिन उन्होंने रामलाल से कहा था कि 'रामलाल तुम मेरे बेटे तो नहीं हो लेकिन तुम्हारा रिश्ता उनसे भी बढ़कर है, मुझे पूरी उम्मीद और विश्वास है कि मेरे इस संसार से चले जाने के बाद तुम मेरा कर्ज जरूर उतार दोगे।' उस समय रामलाल ने हामी भरते हुए अपना सिर हिलाया था और कहा था-'जरूर बाबूजी! क्यों नहीं, आपने मुझे बरसों से पाला है, मेरा परिवार आपकी दया-दृष्टि, कृपा से ही तो चल रहा है, अन्यथा मेरा इस दुनिया में और कौन है ? समय आने पर मैं आपका यह कर्ज जरूर चुकाऊंगा।'

यही कारण है कि बरसों से धर्मशाला के अनेक मैनेजर बदले गए, लेकिन चौकीदार नहीं। वह अक्सर धर्मशाला की साफ-सफाई भी किया करता और रात-बेरात धर्मशाला में आने वाले व्यक्तियों की हर प्रकार से सहायता के लिए तत्पर रहता था, क्यों कि उसका भी धनिकलाल जी की तरह यह मानना था कि ईश्वर ने मनुष्य को इस संसार में इसीलिए लाया है ताकि मानव, मानव की सेवा करे और जीवन को सफल बनाए। धर्मशाला की बाहरी दीवार के पास एक बहुत बड़ा नाला था और बारिश के समय वह पानी से लबालब भरा बहता था। नाले से धर्मशाला की दीवार को खतरा था, क्यों कि नाला कच्चा था और बारिश का पानी लगातार धर्मशाला की जर्जर व खंडहर पड़ चुकी दीवार को काट रहा था। इस संबंध में रामलाल ने धर्मशाला के मैनेजर अमरसिंह व उसके मालिक को भी बहुत बार ध्यान दिलाया, लेकिन जब भी रामलाल, अमरसिंह को व मालिकों को नाले से खतरे के बारे में अवगत करवाता तो मैनेजर व मालिक कहकर बात टाल देते कि दीवार बहुत मजबूत है, चूने पत्थर से बनी है और मामूली नाले से दीवार को कुछ भी नहीं होने वाला है, इसे बाद में फुर्सत में कभी देखेंगे। रामलाल जानता था कि नाला बारिश के दिनों में धर्मशाला को भारी नुक्सान पहुंचा सकता है। इसलिए वह बारिश के दिनों में तो वह रातभर जग-जगकर अपनी टार्च लेकर नाले को लगातार देखता रहता। कम बारिश के दिनों में रामलाल धर्मशाला के बाहर थोड़ी दूर पर जमा एक मिट्टी के ढेर में से आठ-दस बट्ठल मिट्टी के डालता रहता।

इस तरह से रामलाल ने डेढ़ दो महीने की अथक मेहनत से, कच्चे नाले के पास जहां दीवार को बारिश के पानी से खतरा था, काफी मिट्टी इकट्ठी कर दी थी। उस दिन, दिनभर पहाड़ों में काफी पानी बरसा था। नदी-नाले उफान पर बह रहे थे। उस तूफानी रात को रामलाल धर्मशाला में रात्रि ड्यूटी दे रहा था। वह हमेशा की तरह सतर्क था। भारी बारिश के कारण धर्मशाला के पूरे कमरे बुक हो चुके थे। रात्रि के डेढ़ बजे नाला पानी से लबालब तेज गति से बह रहा था, रामलाल ने टार्च मारकर नाले की ओर देखा। नाला लगातार मिट्टी को काट रहा था, लेकिन रामलाल ने पहले ही दीवार के सहारे मिट्टी का इतना बड़ा ढ़ेर लगा दिया था कि बारिश का पानी धर्मशाला की खंडहर हो चुकी दीवार को नहीं छू पाया। उस रात रामलाल ने बिल्कुल भी आराम नहीं किया, वह रात भर नाले के पास बैठा रहा। वह ईश्वर से बारिश थमने की मन ही मन गुजारिश कर रहा था। सुबह के सवा छह बज चुके थे, ईश्वर ने रामलाल की बात शायद सुन ली थी, अब बारिश भी धीरे धीरे कम हो गई थी। मैनेजर को जब पता चला कि रामलाल द्वारा डाली मिट्टी से धर्मशाला की दीवार ढहने से बच गई तो उसने रामलाल को धन्यवाद दिया। रामलाल ने धर्मशाला की दीवार को ढहने से बचाकर शायद धनिकलाल जी का कर्ज उतार दिया था।

**कुश्ती में सियासी दांव : विनेश फोगाट को कांग्रेस का टिकट मिलने पर गरमाई सियासत**

# कांग्रेस ने विनेश को मोहरा बनाया: बृजभूषण, हम बेटियों के साथ: पवन खेड़ा

एजेंसी । नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव में विनेश फोगाट को जुलाना विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी से टिकट मिलने के साथ ही सियासी दांवपेच भी शुरू हो गए हैं। भारतीय कुश्ती संघ (WFI) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि कांग्रेस, विनेश फोगाट को मोहरा बना रही है। उन्होंने कहा कि विनेश और बजरंग के कांग्रेस में शामिल होने के बाद यह बात सच साबित हुई की उनके खिलाफ महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस की साजिश थी। पिछले साल महिला पहलवानों ने पूर्व भाजपा सांसद पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए आंदोलन किया था।



### हुड्डा पर साधा निशाना

भूपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधते हुए, बृजभूषण ने आरोप लगाया कि हरियाणा कांग्रेस के नेता पहलवानों के आंदोलन के पीछे थे। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस का आंदोलन था। इस पूरे आंदोलन में, हमारे खिलाफ जो साजिश हुई, उसका नेतृत्व भूपेंद्र हुड्डा कर रहे थे।

### बजरंग ने किया पलटवार

दूसरी ओर, बजरंग पूनिया ने बृज भूषण शरण सिंह पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि जिस तरह से विनेश फोगट पेरिस ओलंपिक में पदक से चूक गईं वह राष्ट्रीय शोक का विषय था लेकिन बीजेपी के आईटी सेल ने उनका मजाक उड़ाने और उन्हें नीचा दिखाने के लिए अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हम बचपन से देश के लिए लड़ रहे हैं और वे हमें देशभक्ति सिखाने की हिम्मत करते हैं। वह लड़कियों से छेड़छाड़ करने वालों में से हैं।

### भाजपा गलत का दे रही है साथ: खेड़ा

बृजभूषण शरण सिंह के इस बयान की कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आलोचना की है। पवन खेड़ा ने शनिवार को भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा गलत काम करने वालों के लिए स्टैंड लेती है और कांग्रेस गलत के खिलाफ आवाज उठाती है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार खेड़ा ने कहा, जो भी गलत करता है, भाजपा उनके साथ खड़ी है और वे भाजपा के साथ हैं। जिनके साथ अन्याय होता है, कांग्रेस उनके लिए लड़ती है और उनकी आवाज उठाती है और भविष्य में भी उठाएगी। पवन खेड़ा ने कहा, बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ छह खिलाड़ियों ने एफआईआर दर्ज कराई थी। क्या आपने देखा है कि उन पर किन धाराओं का आरोप लगाया गया था? उनकी इस तरह बोलने की हिम्मत कैसे हुई? हमें गर्व है कि हम अपनी बेटियों के साथ खड़े थे, खड़े हैं और खड़े रहेंगे।

### बृजभूषण का दावा: मैं गुनहगार नहीं

बृजभूषण ने कहा, मैं बेटियों का गुनहगार नहीं हूं, बेटियों का कोई गुनहगार है तो वह बजरंग और विनेश है। क्या ये सच नहीं है कि एशियन गेम्स में बजरंग बिना ट्रायल के गए थे। मैं कुश्ती के जानकारों और विनेश से पूछना चाहता हूं कि क्या एक खिलाड़ी एक दिन में दो वजन में ट्रायल दे सकता है? उन्होंने कहा, आप कुश्ती जीतकर के नहीं गई थीं, आप चीटिंग करके गई थीं, जूनियर खिलाड़ियों का हक मारकर गई थीं, भगवान ने वहीं सजा दी है आपको।

## झारखंड: विस चुनाव से पहले वंदे भारत ट्रेन की सौगात संभव



**नई दिल्ली।** झारखंड में इस साल अक्टूबर- नवंबर तक होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले राज्य के लोगों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। झारखंड के लोगों लिए अब बिहार और ओडिशा जाना पहले से आसान होने जा रहा है। रेल मंत्रालय ने बताया कि झारखंड को एक साथ दो नई वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर को दो नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने की संभावना है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, दो नई वंदे भारत ट्रेन झारखंड के जमशेदपुर से चलेंगी। पहली वंदे भारत ट्रेन को जमशेदपुर से पटना के बीच और दूसरी वंदे भारत ट्रेन को जमशेदपुर से बरहमपुर के बीच चलाया जाना है।

## सुभासपा लड़ेगी बिहार व महाराष्ट्र में चुनाव: राजभर

**गाजीपुर (उत्तर प्रदेश)।** सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर विधानसभा जहूराबाद गाजीपुर के निकटवर्ती गांव नसरतपुर में कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र और बिहार में अगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। राजभर महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल होने गाजीपुर आए थे। राजभर ने कहा कि जो अपराध करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। योगी सरकार की बुलजोडर नीति पर विपक्षियों की ओर से उठाए जा रहे सवालों को लेकर ओपी राजभर ने कहाकि संविधान और बुलडोजर जाति धर्म नहीं देखता। सरकार पूरी तरह कानून का पालन कर रही है। मंगेश यादव एनकाउंटर मामले में अखिलेश यादव के बयान पर राजभर ने कहा कि अपराधियों का आधार कार्ड देख कर तो एनकाउंटर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हर जाति के अपराधियों का एनकाउंटर हुआ है।

**जम्मू-कश्मीर में पहली चुनावी रैली में गरजे गृह मंत्री अमित शाह**

# J&K को देंगे राज्य का दर्जा, कांग्रेस-NC नहीं बना पाएंगे सरकार : शाह

**■ यह भी बोले शाह : आतंकवाद की आग में झोंकने की कोशिश कर रहे हैं कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस**

एजेंसी । जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में भाजपा का चुनावी बिगुल फूंक दिया है। जम्मू में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का आश्वासन दिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वे जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर आतंकवाद की आग में झोंकने की कोशिश कर रहे हैं जबकि सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी ला दी है। शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस कभी भी जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पाएंगे इस बारे में आश्वस्त रहें।

गृह मंत्री शाह ने यह भी कहा है कि यह भारत के झंडे और संविधान के तहत होने वाले ये पहले चुनाव हैं और इसीलिए यह एक ऐतिहासिक मौका है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर पुरानी व्यवस्था को लागू करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। शाह जम्मू कश्मीर में भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पर थे।



### पहली बार एक झंडे के तहत चुनाव

शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आने वाले चुनाव ऐतिहासिक हैं क्योंकि आजादी के बाद पहली बार चुनाव हमारे राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के तहत हो रहे हैं। पहले दो झंडे और दो संविधान हुआ करते थे। कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारे सिर्फ एक ही प्रधानमंत्री है और वह मोदी जी हैं।

### पहाड़ियों, दलितों का आरक्षण छीनना चाहती है कांग्रेस

शाह ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी गुज्जर, पहाड़ी, बकरवाल और दलितों का आरक्षण छिनना चाहती है। उन्होंने कहा, राहुल बाबा चाहे जितना भी दम लगा लो हम गुज्जर, पहाड़ी, बकरवाल और दलितों के आरक्षण को हाथ नहीं लगाने देंगे। अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर की महिलाओं को अधिकार मिले हैं। कांग्रेस -नेशनल कॉन्फ्रेंस यह अधिकार छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए अलगाववादियों तथा आतंकवादियों के समर्थकों को रिहा करना चाहता है।

### लोगों को गुमराह नहीं करें राहुल

शाह ने राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या आपके पास जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा लौटाने का शक्ति है? कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस कह रही हैं कि वे राज्य का दर्जा बहाल करेंगे। मुझे बताएं कि इसे कौन दे सकता है? यह केवल केंद्र सरकार कर सकती है। हमने कहा है कि चुनाव के बाद उचित समय पर हम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देंगे। हमने संसद में भी यह कहा है। राहुल गांधी को जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह करना बंद करना चाहिए।

### अफजल गुरु को लेकर उमर के बयान पर भाजपा का पलटवार

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला पर निशाना साधते हुए कहा है कि अफजल गुरु को कानून ने मौत की सजा दी थी। मामला सुप्रीम कोर्ट में गया, लेकिन वह देश विरोधी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाया गया। दरअसल, उमर अबदुल्ला के एक बयान में कहा था कि अगर यह उनकी क्षमता में होता तो वे अफजल गुरु की फांसी को रोकते।

### अब्दुल्ला परिवार का आतंकवादियों के प्रति नरम रुख

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वे चुनाव जीतने के लिए ऐसा कह रहे हैं कि उसे फांसी देना गलत फैसला था। यह एक गैरजिम्मेदाराना और देश विरोधी बयान है। यह सच्चाई दिखाता है कि वह और उनका परिवार आतंकवादियों के प्रति नरम रुख रखते हैं। प्रसाद ने कहा कि यह अच्छा है कि उनका असली चेहरा सामने आ गया है।

**असम के सीएम ने की घोषणा**

# बिना NRC रसीद के नहीं बनेगा आधार कार्ड: सीएम सरमा

एजेंसी । गुवाहाटी

असम में अब नए आधार कार्ड के लिए आवेदन करने वाले सभी लोगों को अब अपने एनआरसी आवेदन की रसीद संख्या (एआरएन) जमा करनी होगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आधार कार्ड के लिए आवेदनों की संख्या आबादी से अधिक है। इसका मतलब है कि कुछ नागरिक संदिग्ध हो सकते हैं। इसलिए, हमने फैसला लिया है कि नए आवेदकों को अपने एनआरसी आवेदन की रसीद संख्या देनी होगी। उन्होंने कहा कि इससे अवैध विदेशी नागरिकों की घुसपैठ रुक जाएगी और राज्य सरकार आधार कार्ड जारी करते समय बहुत सख्ती बरतेगी। उन्होंने कहा, असम में आधार कार्ड हासिल करना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, एनआरसी की प्रक्रिया के दौरान जिन 9.55 लाख लोगों की बायोमेट्रिक जानकारी दर्ज हो गई है, उनके लिए एनआरसी आवदेन रसीद संख्या की जरूरत नहीं होगी और वे अपना आधार कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उनकी सरकार अवैध विदेशी नागरिकों की पहचान की प्रक्रिया तेज करेगी। पिछले दो महीनों में कई बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया और उन्हें पड़ोसी देश के अधिकारियों के हवाले किया गया।



### जिला आयुक्तों की एनओसी के बाद जारी होगा आधार

सीएम सरमा ने कहा,असम में हमने तय किया है कि नए आवेदकों को आधार कार्ड तभी जारी किए जाएंगे, जब संबंधित जिला आयुक्त द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाएगा। सभी पहलुओं की बारीकी से जांच करने के बाद ही ऐसे प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। अगर आवेदक के पास एनआरसी एआरएन है, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि वह 2014 से पहले राज्य में था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अवैध विदेशियों की पहचान की प्रक्रिया तेज करेगी, क्योंकि पिछले दो महीनों में कई बांग्लादेशियों को पकड़ा गया और उन्हें पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंपा गया है।

**रिश्तों पर भारी सियासत : बेटी के पार्टी बदलने के कयासों पर बिफरे मंत्री... कहा-**

# ‘बेटी-दामाद को नदी में फेंक दीजिए’

एजेंसी । मुंबई

महाराष्ट्र के खाद्य व औषधि प्रशासन मंत्री और एनसीपी (अजित पवार) के वरिष्ठ नेता धर्मरावबाबा आत्राम के एक बयान पर हंगामा मच गया है। उन्होंने अहेरी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से कहा कि वे उनकी बेटी भाग्यश्री और दामाद ऋतुराज हल्गेकर को नदी में फेंक दें। दोनों ने विश्वासघात किया है और इसके लिए उन्हें प्राणहिता नदी में फेंक देना चाहिए। ऐसी खबरें आई हैं कि वे शरद पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट में शामिल हो सकते हैं। आत्राम ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की उपस्थिति में यह विवादास्पद टिप्पणी की। वह अपनी ‘जनसम्मान यात्रा’ के दौरान अहेरी में थे। धर्मरावबाबा आत्राम की बेटी को लेकर चर्चा है कि वह पाला बदल सकती हैं और अपने पिता के खिलाफ राकांपा(एसपी) के टिकट से चुनाव लड़ सकती हैं। आत्राम ने कहा कि 40 बरसों से लोगों ने राज्य की राजनीति में कई दलबदल किए हैं। अब शरद पवार गुट के नेता मेरे घर को बांटना चाहते हैं। वे मेरी बेटी को मेरे खिलाफ मैदान में उतारने की फिराक में हैं। इसलिए मेरे दामाद और बेटी पर भरोसा मत कीजिए। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मुझे धोखा दिया है। उन्होंने कहा, वे मेरी बेटी को अपने पक्ष में लाने जा रहे हैं। इतना ही नहीं, उसे उसके पिता के खिलाफ खड़ा भी किया जा रहा है।



**सियासत: जदयू नेता त्यागी ने कहा... मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं**

# मुलायम ने सोनिया को PM बनने से रोका था

**सभी पार्टियां कर चुकी हैं गठबंधन, ले चुकी हैं विरोधियों का साथ**

एजेंसी । नई दिल्ली

जनता दल (यूनाइटेड) के नेता केसी त्यागी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है। यह सरकार पूरी तरह से सुरक्षित है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी एक भी पार्टी नहीं है, जिसने गठबंधन ना किया हो। सभी पार्टियां अपने विरोधियों का साथ ले चुकी हैं। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि पूर्व सपा अध्यक्ष ने 1999 में सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री बनने से रोका था।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार कुछ ज्यादा ही बदनाम हो गए हैं कि वे लगातार पलटी मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे राजद और कांग्रेस दोनों दलों के साथ सरकार चला चुके हैं। राजनीति में यह सब चलता रहता है। केसी त्यागी ने कहा कि देश में ऐसी एक भी पार्टी नहीं है, जिसने गठबंधन ना किया हो। सभी पार्टियां अपने विरोधियों का साथ ले चुकी हैं।



केसी त्यागी ने आगे कहा कि आप कांग्रेस को ही देख लीजिए. इमरजेंसी में इंदिरा गांधी के इशारे पर डीएमके की सरकार एक झटके में गिर गई। उन्होंने कहा कि देवेगौड़ा पीएम थे, उनके बाद इंद्र कुमार गुजराल प्रधानमंत्री बने। उसी समय जैन कमीशन की सिफारिश आई कि राजीव गांधी की मौत के पीछे डीएमके के नेताओं का हाथ है और मंत्रिमंडल से उनके मंत्रियों को बाहर निकाला जाए। उसके बाद कांग्रेस ने उनकी सरकार को गिरा दिया। आज वहीं डीएमके उनके साथ खड़ी है।

त्यागी ने कहा कि पूर्व सपा अध्यक्ष ने 1999 में सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री बनने से रोका था। उस रात वे पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज के घर गए थे। माकपा नेता हरिकशन सिंह सुरजीत उनको रात भर ढूंढते रहे। उनकी सरकार भी नहीं बनी। आज मुलायम सिंह की पार्टी ने उनके साथ गठबंधन किया है।

**हरियाणा की चुनावी चिट्ठी**

# कांग्रेस को आप की चेतावनी: जो लोग कम आंक रहे हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा

एजेंसी । चंडीगढ़/नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव में राज्य में बारिश के बीच सियासी चालों से सियासत गरमा रही है। सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस अपने- अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर चुके हैं। लेकिन राज्य में गठबंधन कर भाजपा को चुनौती देने के कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रयास सीटों के बंटवार के मुद्दे पर अटक गए हैं। गठबंधन को लेकर अनिश्चितता के बीच, आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को चेतावनी दी कि जो लोग पार्टी को कम आंकते हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा। पार्टी का इशारा कांग्रेस की ओर था। आप के राष्ट्रीय सचिव (संगठन) संदीप पाठक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी हरियाणा में सभी 90 सीटों पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हम पार्टी के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें हरी झंडी मिलेगी, हम सब चीजों की घोषणा कर देंगे।



### बातचीत चल रही है: प्रियंका कक्कड़



इससे पहले आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई कि कोई न कोई निष्कर्ष निकलेगा। जब उनसे पूछा गया कि अगर आप कांग्रेस के साथ गठबंधन करती है तो वह कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, तो उन्होंने कहा, बातचीत चल रही है, इसलिए इस पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। आम आदमी पार्टी हरियाणा में लगातार प्रचार अभियान चला रही है। कक्कड़ ने कहा, हम सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।

### यहां अटकी है बातचीत

अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, आप ने 10 सीटों की मांग की है, जबकि कांग्रेस पांच से सात सीटों की पेशकश कर रही है। दूसरी ओर आप सूत्रों ने यह भी दावा किया था कि पार्टी 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है और रविवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा कर सकती है। ज्ञात रहे कि आप और कांग्रेस ने हरियाणा, गुजरात और दिल्ली में गठबंधन करके लोकसभा चुनाव लड़ा था। हरियाणा में आप ने कुरुक्षेत्र सीट पर चुनाव लड़ा, जहां उसके राज्य इकाई प्रमुख सुशील गुप्ता भाजपा के नवीन जिंदल से हार गए। हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 12 सितंबर है।

### विनेश को राजनीति में जाना था तो भाजपा में शामिल होती: महावीर फोगाट



महिला पहलवान और हरियाण के जुलाना से कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट के चाचा और कोच महावीर फोगाट ने साफ कहा है कि वह विनेश के राजनीति में शामिल होने के फैसले के खिलाफ हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार महावीर फोगाट ने विनेश को कुश्ती में अपना कॅरिअर जारी रखने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा, राजनीति में शामिल होने का फैसला उसका अपना है। मैं नहीं चाहता कि वह अपने कॅरिअर के इस पड़ाव पर राजनीति में शामिल हों। महावीर ने यहां तक कहा कि अगर विनेश को राजनीति में दिलचस्पी थी तो, उन्हें कांग्रेस के बजाय भाजपा में शामिल होना चाहिए था। ज्ञात रहे कि महावीर फोगाट की छोटी बेटी बबीता फोगाट पहले से ही भाजपा की सदस्य हैं। उन्होंने दादरी विधानसभा क्षेत्र से पिछला विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गई थीं।

## जरूरी खबर

### पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने BJP से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। भाजपा ने इस बार जननायक जनता पार्टी के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम को सफीदो से अपना उम्मीदवार बनाया है। आर्य ने शनिवार को सफीदों सीट से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आर्य साल 2019 के विधानसभा चुनाव में करीब 3 हजार वोटों से हार गए थे। बचन सिंह ने कहा, मैं यह बात पहले भी कह चुका हूं। जनता ने मुझे पार्टी छोड़ने के लिए कहा और आपने देखा होगा कि 10 हजार लोगों की भीड़ थी। उन्होंने कहा कि इलाके के लोगों ने भाजपा को नजरअंदाज किया है। अब मैं जनता के टिकट पर चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने ही मुझे ऑफर दिया और मैंने इसे स्वीकार कर लिया है। जनता को ही वोट देना है।

### मोदी के साथ यूनुस की मुलाकात पर अभी फैसला नहीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के बीच न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान बैठक को लेकर संशय बरकरार है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश ने इस हफ्ते की शुरुआत में औपचारिक रूप से अनुरोध किया था कि यूनुस और पीएम मोदी के बीच न्यूयार्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान द्विपक्षीय वार्ता हो। हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने बताया कि अभी तक इस अनुरोध पर कोई फैसला नहीं हुआ है। पीएम मोदी की न्यूयार्क यात्रा के दौरान होने वाली अन्य द्विपक्षीय बैठकों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### तीन मंजिला इमारत ढही, 6 लोगों की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंजिला इमारत शनिवार दोपहर भरभरा कर ढह गई। इस इमारत के परिसर में दवा, मोबिल आयल समेत चार गोदाम थे। मलबे के नीचे दबने से 6 लोगों की मौत हो गई और 24 घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मलबे में अभी कई और लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस प्रशासन के अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और दमकल की टीमें राहत व बचाव कार्यों में लगी हैं।

### कॉन्ट्रैक्ट नहीं किया रद्द, 70 भारतीयों की वापसी अटकी

**नई दिल्ली।** रूस की सेना में सेवा दे रहे लगभग 70 भारतीयों की वापसी को लेकर अब भी प्रक्रिया रुकी हुई है। इसके पीछे कॉन्ट्रैक्ट को वजह बताया जा रहा है। दरअसल रूसी अधिकारियों ने उनके मिलिट्री सर्विस कॉन्ट्रैक्ट को रद्द नहीं किया है। मामले से जुड़े लोगों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध में लड़ते हुए कम से कम 9 भारतीयों की मौत हो चुकी है। इसके बाद, रूसी सैन्य इकाइयों में सपोर्ट स्टाफ के रूप में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की रिहाई और उन्हें भारत भेजने का मुद्दा संवेदनशील बन गया है।

## पार्लियामेंट कॉम्पटिशन में विजेताओं को किया पुरस्कृत




*नई दिल्ली। केंद्रीय कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में यूथ पार्लियामेंट कॉम्पटिशन में विजेता प्रतियोगियों एवं स्कूलों को पुरस्कार वितरित किए।*

### अमेरिका, चीन के बीच हो रही है तगड़ी प्रतिस्पर्धा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि दुनिया अमेरिका और चीन के बीच कई क्षेत्रों में और कड़ी प्रतिस्पर्धा देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत विशिष्ट एजेंडे पर समान विचारधारा वाले साझेदारों के साथ काम करने को तैयार है। जयशंकर ने 'एफपीसीआई ग्लोबल टाउन हॉल' में वर्चुअल संबोधन के दौरान प्रमुख भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया कई क्षेत्रों में अमेरिका और चीन के बीच और 'कड़ी प्रतिस्पर्धा' देख रही है। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की सदस्यता वाला 'क्वाड' एक प्रमुख गठबंधन के रूप में उभरा है, जो क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

**मणिपुर में फिर हिंसा...** उग्रवादी कर रहे रॉकेट और ड्रोन का इस्तेमाल

# हथियारबंद लोगों में गोलीबारी... पांच जनों की मौत, ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में हिंसा का सिलसिला थम ही नहीं रहा है। मणिपुर में ताजा हिंसा में शनिवार को जिरिबाम जिले में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को सोते हुए गोली मारी गई। वहीं चार अन्य लोग हिथयारबंद लोगों के बीच हुई आपसी गोलीबारी में मारे गए। इससे पहले शुक्रवार को उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले से सटे इलाके में रॉकेट हमला किया था। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह लोग घायल हो गए थे। वहीं सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर जिले में उग्रवादियों के तीन बंकर को नष्ट किया है। उग्रवादियों द्वारा हाल में किए गए रॉकेट और ड्रोन से हमले के बाद सुरक्षा बलों ने सतर्कता बढ़ा दी है।



पुलिस ने ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात करने का फैसला किया है।

एक अधिकारी के अनुसार उग्रवादी जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुसे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। इस वारदात के बाद जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर पहाड़ियों में कुछ हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गोलीबारी में मारे गए लोगों में कुकी और मैतेई दोनों ही समुदायों से हैं।

### उग्रवादियों के तीन बंकर नष्ट किए गए

वहीं, बिष्णुपुर में उग्रवादियों के रॉकेट से हमले बाद सुरक्षा बलों ने एक अभियान चलाकर चुराचांदपुर जिले में तीन बंकर नष्ट कर दिए। पुलिस ने यह अभियान शुक्रवार को चुराचांदपुर जिले के मुआलसांग और लाइका मुआलसौ गांव में चलाया था। ज्ञात रहे कि बिष्णुपुर जिले में उग्रवादियों ने दो जगहों पर लंबी दूरी के रॉकेट दागे थे। इसके बाद पुलिस दलों और सुरक्षा बलों ने पास के पहाड़ी इलाकों में अभियान चलाया था। इस दौरान जैसे ही पुलिस अधिकारी क्षेत्र में पहुंचे, तो संदिग्ध उग्रवादियों ने उन पर गोलीबारी की। पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और उग्रवादियों के हमले को नाकाम कर दिया।

### हेलिकॉप्टर से गश्त

के. कबीब ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेना के हेलिकॉप्टर कई इलाकों में गश्त कर रहे हैं। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है, जो चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं, ताकि किसी भी घटना को होने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि दोनों तरफ पहाड़ियों और घाटियों में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है, हर आने जाने लोगों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। उन इलाकों पर खास तौर पर ध्यान दिया जा रहा है जहां से लंबी दूरी के रॉकेट और ड्रोन दागे गए थे

**UPSC के बाद केंद्र की बड़ी कार्रवाई**

# पूजा खेडकर आईएएस सेवा से बर्खास्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र ने पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। 2023 बैच की आईएएस अफसर खेडकर पर चयन सुनिश्चित करने के लिए धोखाधड़ी करने और गलत तरीके से अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग कोटा का लाभ लेने का आरोप लगाया गया है। खेडकर अपने कैडर राज्य महाराष्ट्र में एक परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। ज्ञात रहे कि इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग ने पूजा खेडकर का चयन रद्द कर दिया था। और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं में हिस्सा लेने से भी रोक दिया था। आयोग ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में खेडकर का यह एकमात्र मामला है, जिसमें वह यह पता नहीं लगा सका कि खेडकर ने एक अभ्यर्थी के लिए सीएसई परीक्षा में बैठने के लिए निर्धारित प्रयासों से ज्यादा बार परीक्षा दी, क्योंकि उसने न सिर्फ अपना नाम बदला, बल्कि अपने माता-पिता के नाम भी बदल दिए।



### इस नियम के तहत की गई कार्रवाई

केंद्र सरकार ने छह सितंबर, 2024 के आदेश के तहत आईएएस (परिवीक्षाधीन) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से मुक्त कर दिया। यह नियम केंद्र सरकार को यह अधिकार देते हैं कि यदि कोई परिवीक्षाधीन व्यक्ति पुनर्परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता या यदि केंद्र सरकार को यह विश्वास हो जाता है कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति सेवा में भर्ती के लिए अयोग्य था या सेवा का सदस्य होने के लिए अनुपयुक्त है, तो वह उसे सेवा से मुक्त कर सकता है।

**न्यायिक चिंता:** देश में विभिन्न अदालतों में 5 करोड़ केस लंबित

# HC में 62 हजार मामले 30 साल पुराने

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विभिन्न हाई कोर्टों में लगभग 62 हजार ऐसे मामले लंबित हैं, जो 30 साल से अधिक पुराने हैं और इनमें से तीन मामले 1952 से ही निपटारे की प्रतीक्षा में हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हाई कोर्टों में चार मामले 1954 से और नौ मामले 1955 से लंबित हैं। 1952 से लंबित तीन मामलों में से दो कलकत्ता हाई कोर्ट और एक मद्रास हाई कोर्ट का है। जिला अदालतों, हाई कोर्टों और सुप्रीम कोर्ट समेत विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायपालिका में स्थगन मांगने की संस्कृति में बदलाव का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि लंबे समय से लंबित मामले न्यायपालिका के समक्ष एक बड़ी चुनौती हैं। सभी पक्षकारों को इस समस्या को प्राथमिकता देकर इसका समाधान ढूंढना होगा। राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के अनुसार, हाई कोर्टों में लगभग 2.45 लाख मामले लंबित हैं, जो 20 से 30 साल पुराने हैं।



### सेना दोनों मोर्चों पर तैयार, शामिल हुए 297 अधिकारी

**चेन्नई।** अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के साथ ही सेना को 39 महिला कैडेट अधिकारियों समेत 297 कैडेट अधिकारी मिल गए। इनको सेना की विभिन्न इकाइयों और सेवाओं में शामिल किया गया। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने इस मौके पर कहा कि भारतीय सेना हमेशा नए खतरों के लिए तैयार है। पाकिस्तान और चीन दोनों देशों से लगती सीमाओं पर हम मजबूत हैं। भारतीय सेना किसी भी खतरे का सामना करने के लिए तैयार है।'

**रेलवे ने पात्रता नियमों में किए बदलाव**

# अब 52 वर्ष तक बन सकेंगे DRM!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने अपने 68 रेल मंडलों के लिए डीआरएम की नियुक्ति को लेकर एक नई गाइडलाइन को मंजूरी दे दी है। इसमें डीआरएम बनने वाले अधिकारियों की आयु सीमा भी तय कर दी है। नए नियमों डीआरएम बनने की आयु सीमा 52 वर्ष से कम करने का फैसला लिया गया है। इसी बीच, रेलवे के वरिष्ठ अफसरों ने रेलवे बोर्ड के फैसले की आलोचना करना शुरू कर दिया है। हाल ही में जारी हुए दिशा-निर्देशों में डीआरएम से जुड़े पात्रता में कुछ नए नियमों को शामिल किया गया है। इनमें यह भी शामिल है कि अधिकारियों को रेलवे/ रेलवे पीएसयू में न्यूनतम 15 वर्ष का करने का अनुभव होना चाहिए। हालांकि इसमें आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी गई है। रेलवे बोर्ड ने डीआरएम चयन के लिए जिन अधिकारियों पर विचार किया जा रहा है, उनकी आयु उस रिक्ति वर्ष की पहली जनवरी को 52 वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके लिए चयन सूची बनाई जा रही है। इसमें पिछली स्थिति को ही दोहराया गया है।



**पाकिस्तानी सेना ने पहली बार कबूला**

# कारगिल युद्ध में शामिल थी पाकिस्तान सेना: मुनीर

**एजेंसी** | नई दिल्ली/इस्लामाबाद

ढाई दशकों तक दुनिया की आंखों में धूल झोंकने के बाद आखिरकार पाकिस्तान ने कारगिल का सच मान लिया है है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने भारत के खिलाफ 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना की प्रत्यक्ष भूमिका को स्वीकार किया है। जनरल मुनीर ने रावलपिंडी स्थित सैन्य मुख्यालय में रक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान भारत के साथ हुए तीन युद्धों के साथ-साथ कारगिल का भी जिक्र किया और मारे गए पाकिस्तानी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह पहला अवसर है, जब पाकिस्तान के किसी सेना प्रमुख ने कारगिल युद्ध में अपने सैनिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी को स्वीकार किया है।

### मुनीर ने जमकर बघारी शेखी

परवेज मुशर्रफ पिछले सेना प्रमुख ने कारगिल में की गई घुसपैठ में पाकिस्तान की भागीदारी से हमेशा इनकार किया था। जनरल मुनीर ने शेखी बघारते हुए अपने संबोधन में कहा, पाकिस्तानी बहादुरों का समूह है जो स्वतंत्रता के मूल्य को समझता है और जानता है कि इसे कैसे बनाए रखना है।। उन्होंने कहा, चाहे 1948 हो, 1965 हो, 1971 हो या 1999 का कारगिल युद्ध हो, हजारों सैनिकों ने देश और इस्लाम के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी है। ज्ञात रहे कि यह बयान पाकिस्तान द्वारा लंबे समय से दिए जा रहे आधिकारिक बयानों से पूरी तरह अलग है। पाकिस्तान ने आज तक कारगिल युद्ध के बारे में यह कहता आया है कि इस हमले को मुजाहिदीन ने अंजाम दिया था। पाकिस्तान उग्रवादियों को मुजाहिदीन कहता है। कारगिल युद्ध के समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख रहे जनरल परवेज मुशर्रफ ने हमेशा कहा कि कारगिल अभियान एक सफल स्थानीय कार्रवाई थी। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि मुर्शरफ ने इस सैन्य कार्रवाई के बार में उन्हें जानकारी नहीं दी थी।



फाइल फोटो

### भारत ने खदेड़ दिया था पाक सैनिकों व घुसपैठियों को

जनरल मुनीर के इस बयान से पाकिस्तान ने यह स्वीकार किया है कि कारगिल में पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई थी। इस युद्ध के पहले सर्दियों में सेना के कारगिल से अपने शीतकालीन ठिकानों पर लौटने के बाद पाकिस्तानी सैनिकों और उग्रवादियों ने कश्मीर में रणनीतिक दृष्टि से महत्वपर्णू कुछ चोटियों पर कब्जा कर लिया था। जिसके बाद भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत ने सैन्य कार्रवाई कर उन सभी चोटियों को मुक्त कर लिया था। पाकिस्तान के तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ आसन्न हार को देखते हुए अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के पास पहुंचे और संघर्ष विराम की गुहार भी की थी।

### भारत और फ्रांस ने किया मेगा नौसैनिक अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस की नौसेनाओं ने भूमध्य सागर में एक मेगा युद्धाभ्यास किया। भारतीय नौसैनिक जहाज तबर और लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी-8आई ने वरुणा अभ्यास के 22वें संस्करण में भाग लिया। यह मेगा अभ्यास दो से चार सितंबर तक हुआ। फ्रांसीसी पक्ष का प्रतिनिधित्व फ्रंटलाइन जहाज एफएस प्रोवेंस, पनडुब्बी सफ्रेन, लड़ाकू विमान एमबी 339 और हेलिकॉप्टर एनएच 90 द्वारा किया गया था। नौसेना ने कहा कि अभ्यास के दौरान उन्नत नौसैनिक अभियानों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें उन्नत सामरिक युद्धाभ्यास, पनडुब्बी रोधी युद्धाभ्यास, वायु रक्षा अभ्यास आदि शामिल थे।

## प्रीमियर शो किए जा रहे हैं अनूठे अंदाज में आयोजित


# अब राजस्थानी सिनेमा ने भी पकड़ी बॉलीवुड और टॉलीवुड की राह...

बेधड़क.जयपुर। राजस्थानी सिनेमा एक बार फिर गति पकड़ रहा है और इसमें अब बॉलीवुड व साउथ के सिनेमा की तरह एक्शन और तकनीक देखने को मिल रही है। साथ ही बजट बढ़ रहा है और स्थानीय सिनेमा को रिच किया जा रहा है। अब 'भरखमा' ने भी कुछ ऐसा ही ओरो सेट करने की कोशिश की है। मूवी रीलीज होने के बाद चर्चा है और इसके एक्शन सीन्स को साउथ की मूवीज से कम्पेयर किया जा रहा है। एक्शन के साथ गाने भी खास हैं।









### प्रीमियर में दिखा बॉलीवुड अंदाज

पिछले कुछ समय से बॉलीवुड-टॉलीवुड की मूवीज को अलग-अलग अंदाज में रीलीज किया जा रहा है और उनका प्रीमियर खास होता है। ऐसे में जयपुर में भी भ्ररखमा को खास प्रीमियर के साथ रीलीज किया गया। इस दौरान फिल्म की पूरी स्टार कास्ट और फिल्म इंडस्ट्री के कई लोग शामिल हुए। साथ ही पगड़ी पहने दर्शक और प्रशंसकों को सिनेमा घरों में देखा गया। उन्होंने स्टारकास्ट के साथ फोटोज क्लिक कराई और मूवी पर चर्चा की। गौरतलब है 'भरखमा' सोनी सांवता एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है और इसका निर्देशन एस. सागर ने किया है। फिल्म की कहानी आईएएस अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा लिखी गई है। फिल्म राजस्थानी साहित्य पर आधारित है और सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाती है। फिल्म में मुख्य किरदार श्रवण सागर कल्याण, अंजलि राघव, गरिमा कपूर, राजवीर गुर्जर, साहिल चंदेल, जितेन्द्र चावड़ी, निक्स बोहरा, राज केसोट, विनोद पेंटर और अजय यादव हैं। प्रीमियर में कलाकारों और तकनीशियन को प्रोडूसर सोनी सांवता और पीके सोनी ने सम्मानित किया। इस दौरान को-प्रोडूसर्स विकास सिरोही और मनीष मंगल मौजूद रहे। श्रवण सागर ने बताया, कि मूवी को रिलीज कर स्थानीय सिनेमा के उत्थान की एक नई चर्चा छेड़ी है। राजस्थानी सिनेमा को अधिक सम्मान और पहचान दिलाने के उद्देश्य से नया रास्ता तैयार किया है। फिल्म को पीवीआर और आईनॉक्स में प्रदर्शित किया जा रहा है, जिससे ज्यादा दर्शकों तक पहुंच रही है।

## चावल से बने बहुरंगी मंडल पर होगा दशलक्षण विधान



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में रविवार से शुरू होने वाले दशलक्षण महापर्व महोत्सव के लिए भक्त उत्साहित हैं। प्रबन्ध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि सुबह भगवान आदिनाथ की अष्ट धातु की प्रतिमा को विधान मंडल पर पाण्डुशिला पर विराजित कर मंगल भावनाओं के साथ विश्व शान्ति के लिए बीजाक्षर युक्त शांतिधारा से कार्यक्रम शुरू होंगे। दस दिन में जहाजपुर स्थित स्वस्ति धाम प्रणेता गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी द्वारा रचित दशलक्षण विधान, पूजन के अलावा ध्यान, योग, नाटक, भक्तामर अनुष्ठान, प्रवचन, तत्वार्थ सूत्र, प्रतिक्रमण सहित कई कार्यक्रम होंगे। यहां चावल से बहुरंगी कलात्मक विधान मंडल जनकपुरी की महिलाओं ने तैयार किया है, जिस पर रविवार को प्रथम दिन क्षमा धर्म की पूजन की जाएगी।

## मौन रहने से आती है निष्प्रयता



**बेधड़क. जयपुर।** संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया। मुनिश्री ने पार्श्वनाथ कथा में अनशन, ऊनोदर आदि तपों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें सयंमपूर्वक भोजन करना चाहिए। यदि हम मौन रहकर भोजन करते हैं तो वह भी संयम तप ही कहलाता है। मौन रहने से निष्प्रयता आती है। हमें वृति परिसंख्यान तप की पालना करनी चाहिए।

## रणत भंवर सूं आजो... से स्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में पधारो बिंदायक कार्यक्रम में भजन गायक आनंद पुरोहित ने रिद्धि-सिद्धि के दाता गजानंद के भजनों की अविरल धारा प्रवाहित की। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर कलाकार आनंद ने शुरूआत रणत भंवर सु आजो, थ रिद्धि सिद्धि का भरतार से की। इसके बाद उन्होंने भजन गणपति पुरण कीजो काज, जो मांगे दाता तुरंत देते हैं, पूर्ण कीजो काज... सुनाया। आनंद पुरोहित के साथ कोरस मे लवीना भार्गव, तनु कंवर, योगेश शर्मा और मोहित सैनी ने साथ दिया।

## City इवेंट्स

### ये गुलिस्तां हमारा' में 16 देशों में परफॉर्म कर चुके यंत्र जीवंत करेंगे बॉलीवुड गोल्डन ऐरा




**बेधड़क. जयपुर।** शहर के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रविवार को कार्यक्रम 'बॉलीमूड-ये गुलिस्तां हमारा' में बेहतरीन तराने गूंजेंगे। इस अनूठे नजारे का गवाह बनने के लिए जयपुराइट्स में क्रेज है। हांलाकि प्रवेश निःशुल्क है लेकिन कला प्रेमी पहले सीट पाने के लिए अभी से नंबर लगा रहे हैं। शाम 6.30 बजे से कार्यक्रम में 80 के दशक में स्थापित दिल्ली के मशहूर ऑर्केस्ट्रा 'डो-रे-मी' के साथ कई नामी सिंगर्स परफॉर्म करते नजर आएंगे। आयोजकीय संस्था संकल्प कल्चरल सोसायटी संस्थापक व चेयरमैन राजेश शर्मा और क्रिएटिव डायरेक्टर जया शर्मा ने बताया कि 6 प्रोफेशनल और 11 शौकिया सिंगर्स बॉलीवुड गोल्डन ऐरा के 23 गीतों (1951- 2007) को आवाज देंगे। दिल्ली का 'डो-रे-मी' ऑर्केस्ट्रा म्यूजिक अरेंजर सतीश पोपली के निर्देशन विभिन्न वाद्यों पर इन कलाकारों की संगत करने के लिए मंच पर होगा। ये ऑर्केस्ट्रा भारत सहित दुनिया के 16 देशों में कई नामी कलाकारों के साथ परफॉर्म कर चुका है। इस मौके पर संगीत क्षेत्र के वरिष्ठ कलाकारों के सम्मान की श्रृंखला में इस वर्ष पंडित कुंदनमल शर्मा (शास्त्रीय संगीत) को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निःशुल्क है।

### आयुष येल एजुकेटर अवॉर्ड से सम्मानित

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के आयुष पेरीवाल को येल ऑफिस ऑफ अंडरग्रेजुएट एडमिशन की ओर से प्रतिष्ठित-2024 येल एजुकेटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। येल एजुकेटर रिकॉग्निशन प्रोग्राम विश्व भर के उत्कृष्ट एजुकेटर्स को सम्मानित करता है। 39 राज्यों और 24 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 320 नामांकितों में से इस वर्ष के पुरस्कार के लिए केवल 75 टीचर्स और 20 काउंसलर्स का चयन किया गया। इस उपलब्धि पर जयश्री पेरीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आयुष पेरीवाल ने कहा, कि मेरा विजन कहीं आगे है।



### आज से उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

**बेधड़क. जयपुर।** दिगम्बर जैन धर्म की परंपराओं के अनुसार दशलक्षण पर्व का शुभारंभ रविवार से होगा। अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया, कि जैन धर्म में दशलक्षण पर्व बड़ा महत्व है क्योंकि यह दस धर्मों से बना पर्व है जिसमें हर श्रावक और श्रविकाएं इन 10 धर्मों को धारण कर जिनेन्द्र प्रभु की पूजन विधान करते हैं। 10 दिनों तक किसी ना किसी वस्तु का त्याग कर साधना करते है। रविवार को दस धर्म का पहला पर्व उत्तम क्षमा धर्म मनाया जाएगा। जिसके तहत सभी श्रद्धालु सृष्टि के हर नागरिक के प्रति क्षमा के भावों को धारण कर अरिहंत भगवान की आराधना करेंगे।

## बड़ी बीमारियों का तेजी से बढ़ रहा रेशो

# विशेषज्ञों ने जयपुर में की हेल्थ और नई तकनीक पर चर्चा




**बेधड़क | जयपुर**

हमारी बीच की जनरेशन या तो बड़ों को संभालने में रह गई या फिर छोटों को। अपने उपर कम ध्यान दिया और अब उनको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। लाइफ स्टाइल बहुत खराब हो गई है।

ये ही कारण है, कि हर उम्र के लोगों के लिए हेल्दी फूड और एक्सरसाइज बेहद जरूरी है। क्योंकि बड़ी बीमारियों (कैंसर) का अनुपात अब 12 प्रतिशत तक पहुंच गया है। ये कहना था आरजीएचएस की प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिप्रा विक्रम का। वे मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल में बोल रही थीं। इस मौके पर अन्य विशेषज्ञों ने भी स्टोन सहित कई बीमारियों पर बात करते हुए जयपुराइट्स को उनसे बचने के लिए अवेयर किया। उन्होंने पथरी के अलावा प्रोस्टेट से जुड़ी समस्याओं में नई तकनीक के बारे में बताया। सीनियर यूरोलॉजिस्ट डॉ. नितिन नेगी भी विचार रखे और 150 वॉट होलमियम तकनीक के बारे में समझाया।

डायरेक्टर नेहा गुप्ता और अजय गुप्ता ने कहा, कि तकनीक से अब मेडिकल साइंस तरक्की कर रही है, लेकिन लोगों को अपनी लाइफ स्टाइल सुधारनी होगी। वहीं डॉ. नेगी ने कहा, कि 150 वॉट होलियम जैसी तकनीक से किडनी स्टोन में कारगर है। अब न्यूक्लीशन मैथड से इलाज किया जा रहा है।

## आगरा रोड स्थित कानोता में हुआ समागम

# निरंकारी बाल समागम में बच्चों ने दिया मानवता का संदेश



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के आगरा रोड स्थित कानोता में निरंकारी बाल समागम का आयोजन किया गया। जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि सदगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज के संदेश से प्रेरित होकर बाल सत्संग के बच्चों ने दर्जन भर गीत-संगीत, हिंदी, इंग्लिश, राजस्थानी भाषा में विचारों, नुकड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों से मानवता का संदेश देते हुए मानवीय गुणों से युक्त होकर जीवन जीने से जीवन में आने वाले आनंद और सुकून को समझाया। साथ ही बाल अवस्था से ही संत महात्माओं की संगति और सत्संग, सेवा, सिमरन से जीवन में अनमोल परिवर्तन को दर्शाया। संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक अमित कुंद्रा ने अध्यक्षीय विचारों में बताया कि जिस तरह प्रभु परमात्मा कण-कण में विराजमान हैं उसी तरह कण-कण में शिक्षा है। सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज पूरे विश्व स्तर पर बाल संगत के बच्चों को भक्त प्रहलाद की तरह ब्रह्मज्ञान से नवाज कर पूर्ण संत बनने का प्रयास कर रही हैं। जिसके फलस्वरूप बाल संगत के बच्चे माता पिता, बड़ों का संत महात्माओं का सम्मान कर जीवन को निखार रहे हैं। आज जहां देश और दुनिया में जाति, धर्म मजहब के कई भेदभाव हैं, वहीं निरंकारी मिशन का उद्देश्य मानव को मानव से प्यार करना सिखाना है। संयोजक ब्रांच कानोता प्रभु दयाल ने धन्यवाद किया।

**कार्यक्रम** | सुर ताल उत्सव में पहुंचे कला जगत के सितारे

# शास्त्रीय संगीत और ओडिसी नृत्य से जेकेके गुलजार

**बेधड़क | जयपुर**

डेल्फीक काउन्सिल ऑफ राजस्थान की ओर से जवाहर कला केंद्र में सुर और ताल महोत्सव के दौरान सौरव वशिष्ठ के शास्त्रीय गायन और ओडिसी नृत्य ने आकर्षित किया। महोत्सव में सुबह के सत्र में फोटोग्राफर शिरीष कराले नें फोटोग्राफी की बारीकीयां बताईं। वहीं शाम को रंगायन सभागर में पंडित कुंदनमल शर्मा के शिष्य युवा शास्त्रीय गायक सौरभ वशिष्ठ ने राग हंसध्वनि में विलम्बित रचना विघ्न हरण गज वदन गजानन और द्रुत रचना में लागी लगन सखी पति सन की प्रस्तुति दी।




### गणेश पर आधारित मंगलाचरण रहा खास

ओडिसी नृतक कृष्नेन्दु शाह और ग्रुप ने भगवान गणेश पर आधारित मंगलाचरण और राग झिझोटी में कृष्ण और भक्त के परस्पर प्रेम को दर्शाया। इस नृत्य प्रस्तुति में उनके साथ सृष्टि पांडे, शिविका माथुर, केतिकी मुंद्रा, रुद्राक्षी चतुर्वेदी, सिथू और भोलाक्षिका नें सुन्दर नृत्य संयोजन से दर्शकों को रोमांचित किया। राजस्थान डेल्फिक काउंसिल अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि आयोजन के जरिए काउंसिल प्रदेश की लोक संगीत व कलाओं के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढ़ा रही है। इस अवसर पर काउन्सिल सदस्य आरएएस अधिकारी शिप्रा शर्मा, कीर्ति शर्मा, नवीन त्रिपाठी, राहुल सूद उपस्थित रहे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 08 सितंबर, 2024





सार्थक श्रम से बड़ी कोई प्रार्थना नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### शांति की मांग के बीच तेज हुआ संघर्ष

# रूस ने यूक्रेन पर किया सबसे घातक हमला

**मॉस्को/कीव।** दुनियाभर से जहां रूस और यूक्रेन और रूस के बीच शांति स्थापित करने की आवाज उठ रही है तो वहीं यह युद्ध और भी ज्यादा घातक हो गया है। युद्ध शुरू होने के बाद रूस ने इस बार यूक्रेन पर सबसे घातक हवाई हमला किया है, जिसमें यूक्रेन के कई लोग मारे गए हैं। शुक्रवार को हुए इन हमलों में मारे गए लोगों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। रूस ने हाल के दिनों में अपने हवाई हमलों को तेज करके यूक्रेन की ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है। इसके अलावा आवासीय क्षेत्रों में भी घातक हमले किए जा रहे हैं। रूस की लंबी दूरी की मिसाइलों की क्षमता ने इस हमले में अपनी भूमिका निभाई और यूक्रेन की पावर ग्रिड की भमता को और कमजोर कर दिया। यूक्रेन में आने वाले समय में सर्दियों की शुरूआत होने वाली है ऐसे समय में पावर ग्रिड पर हमला करने रूस ने यूक्रेन की लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन क्षमता को खत्म कर दिया है, जिससे गर्मी और पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। रूस द्वारा लगातार यूक्रेन की ऊर्जा उत्पादन क्षमता पर हमला करने का सबसे बड़ा कारण यूक्रेन के जमीन के नीचे बनाए गए हथियार उत्पादन केंद्र हैं।



## रात भर कीव में गूंजते रहे धमाके, रूस ने नहीं बरती कोई ढिलाई

रूस की वायु सेना ने शुक्रवार की रात भर यूक्रेन की राजधानी पर रॉकेट और ड्रोन से हमले किए। इन हमलों के कारण रात भर कीव में धमाकों की आवाज सुनाई देती रही, क्योंकि कई ड्रोन तो यूक्रेन की हवाई सुरक्षा ने नष्ट कर दिए। हवाई सुरक्षा पंक्ति की सटीक क्षमता के कारण किसी के मरने की खबर समाने नहीं आई। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रातभर में देश पर करीब 67 ड्रोन लॉन्च किए गए, इसमें से 28 ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि तीन अन्य को हमारी इलेक्ट्रोनिक प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। यूक्रेन की संसद में इस हमले की पुष्टि की गई और बताया गया कि इसमें किसी के मरने की खबर नहीं है, लेकिन इमारतों को काफी मात्रा में नुकसान हुआ है।

## ■ जेलेंस्की बोले- बदला लेंगे, फिर पुतिन सिफ एक चीज मांगेंगे... शांति





## हम लगातार हमलों का सामना कर रहे: जेलेंस्की

जेलेंस्की ने कहा कि पोल्टावा में हुए हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 55 हो गई है, जबकि करीब 328 लोग घायल हैं। इटली के मिलान में बोलते हुए जेलेंस्की ने कहा कि हमारे लोग हर मिनट रूसी हमलों के खतरों का सामना कर रहे हैं। हम इस हमले का जवाब देंगे। हम जल्दी ही इस हमले का बदला लेंगे और युद्ध को पूरी तरीके से रूस की सीमा में पहुंचा देंगे। राष्ट्रपति पुतिन फिर केवल एक चीज मांगेंगे और वह है शांति।

## यूक्रेन ने उतारे 'ड्रैगन ड्रोन' राख बन रहे पुतिन के सैनिक, पिघल रहे हथियार

यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग में यूक्रेन ने अब 'ड्रैगन ड्रोन' के रूप में एक नया और घातक हथियार तैनात किया है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें यह ड्रोन जंगलों में रूसी सैनिकों के ठिकानों पर आग बरसाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ये ड्रोन बेहद कम ऊंचाई पर उड़ते हुए और रूसी नियंत्रित इलाकों पर आग का गोला छोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह आग नहीं, बल्कि एल्युमीनियम पाउडर और आयरन ऑक्साइड के मिश्रण से बनी "थर्माइट" होती है, जो 4,000 डिग्री फारेनहाइट (2,200 डिग्री सेल्सियस) तक की अत्यधिक तापमान पर जलती है। थर्माइट इतनी तीव्रता से जलती है कि यह न केवल पेड़ों और वनस्पति को नष्ट कर देती है, बल्कि रूसी सैनिकों के लिए यह गंभीर खतरा भी बन रही है।

## वाइट फॉस्फोरस भी शामिल

थर्माइट एक प्रकार का ज्वलनशील हथियार है, जिसमें अन्य खतरनाक हथियार जैसे कि नेपाम और वाइट फॉस्फोरस भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण कार्यालय के अनुसार, "ज्वलनशील हथियार ऐसे हथियार या गोला बारूद होते हैं, जो वस्तुओं में आग लगाने या केमिकल रिएक्शन के माध्यम से लोगों को जलाने या उन्हें सांस से संबंधित चोट पहुंचाने के लिए बनाए जाते हैं।" यूएन के मुताबिक, "आग लगाने वाले हथियारों का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के लिए चिंताजनक है। यूक्रेन द्वारा इस हथियार के प्रयोग ने युद्ध में एक नया मोड़ ला दिया है, और यह देखने वाली बात होगी कि रूस इस नई चुनौती का कैसे सामना करता है।

### क्या चमक गई पाकिस्तान की किस्मत!

# दावा: मिला तेल-गैस भंडार

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की ओर से दावा किया गया है कि उसकी समुद्री सीमा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का एक बड़ा भंडार मिला है। अगर यह दावा सही है तो वाकई पाकिस्तान की किस्मत चमक सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह भंडार इतना बड़ा है कि इसके दोहन से पड़ोसी देश की किस्मत बदल सकती है।

पाकिस्तान के सबसे बड़े न्यूज चैनल ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि तेल और गैस भंडार की मौजूदगी की पुष्टि के लिए एक मित्र देश के सहयोग से तीन साल तक सर्वे किया गया था। भौगोलिक सर्वे से पाकिस्तान को भंडार के स्थान की पहचान करने में मदद मिली।

संबंधित विभागों ने सरकार को पाकिस्तानी समुद्री सीमा में तेल संसाधनों के बारे में जानकारी दी है। अधिकारी ने कहा कि इन संसाधनों से लाभ उठाने के लिए बोली और अनुसंधान प्रस्तावों का अध्ययन किया जा रहा है, जिसका अर्थ है कि निकट भविष्य में अनुसंधान कार्य शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि कुओं की खुदाई और वास्तव में तेल निकालने के काम में कई साल लग सकते हैं।



## दुनिया में चौथा बड़ा तेल और गैस भंडार

पाक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में पहल करने और जल्दी से काम पूरा करने से देश की आर्थिक किस्मत बदलने में मदद मिल सकती है। कुछ अनुमान बताते हैं कि यह खोज दुनिया में चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस भंडार है। इसे ब्लू वाटर इकोनॉमी कहा गया है। ब्लू वाटर इकोनॉमी में सिर्फ तेल और गैस उत्पादन ही नहीं होगा, बल्कि समुद्र से कई अन्य मूल्यवान खनिज और तत्वों का खनन किया जा सकता है।

## अमेरिका के पास सबसे बड़ा तेल भंडार

अधिकारी ने कहा कि इस दिशा में तेजी से काम करके देश की आर्थिक किस्मत को बदलने में मदद मिल सकती है। वर्तमान में, वेनेजुएला लगभग 3.4 बिलियन बैरल के साथ तेल भंडार में टॉप पर है। जबकि अमेरिका के पास सबसे अधिक अप्रयुक्त शेल तेल भंडार है। शेष टॉप-5 में सऊदी अरब, ईरान, कनाडा हैं। दावे के अनुसार पाकिस्तान में जो तेल-गैस भंडार मिला है उसको दुनिया का चौथा सबसे बड़ा भंडार माना गया है।

### मालदीव पर पहले ही चीन का कर्ज

# मुइज्जू को अब भारत से मदद की आस

**एजेंसी** | माले

मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद मालदीव की माली हालत बिगड़ने लगी है। मुइज्जू ने आते ही भारत के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया और 'इंडिया आउट' का नारा दिया, जिससे दोनों मुल्कों के बीच रिश्तों में तल्खी आ गई।

मालदीव की आर्थिक स्थिति काफी हद तक टूरिज्म पर टिकी है और भारत से बिगड़ते रिश्तों का सीधा असर इस पर पड़ा। दुनिया भर से आने वाले सैलानियों ने मालदीव से किनारा करना शुरू कर दिया जिससे मुइज्जू के देश में आर्थिक परेशानियां बढ़ने लगीं। मालदीव पहले से ही चीन के भारी कर्ज तले दबा हुआ है।



## सैन्य वार्ता हो चुकी दोनों देशों के बीच

मालदीव को चीन का कर्ज चुकाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अब मुइज्जू को भारत से मदद की आस है। हाल ही में भारत और मालदीव के बीच हुई सैन्य वार्ता में भारत के रक्षा सचिव गिरीधर अरमाने और मालदीव के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स जनरल इब्राहिम हिल्मी शामिल हुए। भारत ने इस बातचीत को सफल बताया और कहा कि इससे दोनों देशों के हित मजबूत होंगे और हिंद महासागर इलाके में शांति बरकरार रहेगी।

## 80 सैन्य अधिकारी बुलाए जा चुके

उल्लेखनीय है कि मुइज्जू ने पिछले साल के आखिर में भारत से अपने फौजी अफसरों को वापस बुलाने की दरख्वास्त की थी, जिसके बाद भारत ने 2024 की शुरुआत तक 80 फौजी अफसरों की भारत बुला लिया गया। हालांकि, अब भी मालदीव में भारतीय हेलिकॉप्टर और विमान ऑपरेट करने के लिए तकनीकी स्टाफ मौजूद है। मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद ठंडे पड़ चुके द्विपक्षीय संबंध अब धीरे-धीरे फिर से पटरी पर आ रहे हैं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl